RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com | editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 258 | जयपुर, शनिवार, 17 अक्टूबर , 2026 | मूल्यः 2.00 रूपए | पृष्ठः 8

फ्लाइट टिकट के मनमाने दाम पर अब लगेगी लगाम

नया नियम मंजूर, सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

संचार जगत



सुप्रीम कोर्ट में देश के विमानन क्षेत्र को विनियमित और नियंत्रित करने की याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र ने बताया कि नियमों को मंजूरी दे दी गई है। इसे प्रकाशित होने में दो सप्ताह लगने की संभावना है।

सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को चल रही सुनवाई पर केंद्र ने पीठ को बताया कि भारतीय वायुयान अधिनियम, 2024 के तहत बने नियमों को प्रशासनिक मंजूरी दे दी गई है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, आर. महादेवन और अपरेश कुमार सिंह की पीठ कर रही है। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वे भारतीय वायुयान अधिनियम, 2024 के नियमों को अगली सुनवाई में पेश करें। सुनवाई की शुरुआत में मेहता ने कोर्ट को बताया कि नियम को मंजूरी दे दी गई है। दो हफ्ते में प्रकाशित किया जाएगा। अगली सुनवाई 16 नवंबर तय की गई है।

पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली, आरएनएन। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को चेस्ट इंफेक्शन की शिकायत के बाद दिल्ली के अपोलो अस्पताल में एडमिट कराया गया है। 98 वर्षीय आडवाणी को शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे अस्पताल लाया गया। उनकी हालत स्थिर बताई गई है। पल्मोनरी विभाग में उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल ने आडवाणी के स्वास्थ्य को लेकर विशेष जानकारी नहीं दी है।



98 वर्षीय आडवाणी को चेस्ट इंफेक्शन की शिकायत

▶ मानसून सत्र अभी तक औपचारिक रूप से बंद नहीं हुआ

परिसीमन और महिला आरक्षण पर विशेष सत्र बुलाने की तैयारी

दोनों बिल से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक ला सकती है एनडीए सरकार, केंद्र को डीएमके और कुछ छोटे विपक्षी दलों का समर्थन

नई दिल्ली/संचार जगत



संसद का विशेष सत्र इसी महीने के आखिर में बुलाया जा सकता है। सरकार इस सत्र में परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक लाने की तैयारी में है। रिपोर्ट के मुताबिक सरकार को भरोसा है कि लोकसभा में इन विधेयकों को पास कराने लायक संख्या उसके पास है।

यह सब ऐसे समय हो रहा है जब विपक्ष मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर विरोध तेज कर रहा है। सरकार डीएमके और कुछ छोटे विपक्षी दलों से भी बातचीत कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार सरकार लोकसभा में अपनी ताकत को लेकर आश्वस्त है। इसी भरोसे के साथ वह विशेष सत्र बुलाकर प्रस्तावित कानून आगे बढ़ाना चाहती है। साथ ही वह विपक्षी दलों से संपर्क करके समर्थन जुटाने की कोशिश भी कर रही है। संसद का मानसून सत्र 13 अगस्त को खत्म हो गया था, लेकिन उसका सत्रावसान अभी नहीं हुआ है।

परिसीमन पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं पीएम मोदीः खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चौथी बार पत्र लिखकर परिसीमन के प्रस्तावों पर चर्चा के लिए जल्द सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि संसद में कोई भी नया प्रस्ताव पेश करने से पहले सभी राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श कर उसे अंतिम रूप दिया जाना चाहिए। शुक्रवार को लिखे पत्र में खड़गे ने कहा कि 13 अगस्त को संसद का मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुए दो महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन दोनों सदनों की अगली बैठक अब तक नहीं बुलाई गई है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर परिसीमन से जुड़े किसी भी संवैधानिक संशोधन विधेयक को लाने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। खड़गे के मुताबिक, सरकार ने 14 अप्रैल की देर शाम विधेयकों को सार्वजनिक किया और 16 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया। हालांकि, 17 अप्रैल को संबंधित विधेयक लोकसभा में जरूरी दो-तिहाई बहुमत हासिल करने में विफल रहा। इसके बाद खड़गे ने 16 जुलाई और 27 अगस्त को भी पत्र लिखकर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की थी।

सरकार का नंबर गेम

संविधान संशोधन के लिए संसद में बहुमत की जरूरत होती है। इसका मतलब है कि दोनों सदनों में मौजूद और वोट देने वाले सदस्यों का दो-तिहाई बहुमत होना चाहिए। सरकार को ये बिल पास कराने के लिए 360 सीटों की जरूरत है। लोकसभा की मौजूदा संख्या 540 है। तृणमूल और शिवसेना (यूबीटी) के सांसदों के सत्ता पक्ष में शामिल होने से इस बार सदन में स्थिति बदल सकती है। मौजूदा संसद में एनडीए के पास बहुमत तो है, लेकिन उनके पास वह जादुई आंकड़ा (दो-तिहाई बहुमत) नहीं है। हालांकि, पिछले सत्र के मुकाबले सरकार की स्थिति बेहतर हुई है। तृणमूल के 20 सांसद और शिवसेना (यूबीटी) के 6 सांसद सत्ता पक्ष में शामिल हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार को एनसीपी (शरद पवार) जैसी अन्य पार्टियों से भी समर्थन मिलने की उम्मीद है, जिनके 8 सांसद हैं। यह उम्मीद इस आश्वासन के बाद जगी है कि सीटों में 50 प्रतिशत की पक्की बढ़ोतरी को बिल का हिस्सा बनाया जाएगा। पार्टी नेता सुप्रिया सुले ने पहले ही संकेत दिया था कि अगर 50 प्रतिशत की गारंटी मिलती है, तो वे बातचीत करने के लिए तैयार हैं।

राज्य सहकारी विकास समिति की 10वीं बैठक आयोजित

किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए एमएसपी खरीद एवं ऋण व्यवस्था की समीक्षा करें : मुख्य सचिव



संचार जगत

जयपुर। सहकार आंदोलन को सशक्त बनाने तथा सहकारिता के लाभों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में शुक्रवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव श्री वी श्रीनिवास की अध्यक्षता में राज्य सहकारी विकास समिति (एससीडीसी) की बैठक आयोजित की गई।

मुख्य सचिव वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में 'सहकार से समृद्धि' योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा के साथ सहकारी संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण, डिजिटलाइजेशन, आधारभूत संरचना के विकास तथा विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के बीच समन्वय पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि किसानों के हितों को प्राथमिकता देना राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय रहा है इसी दिशा में उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कृषि उपज की खरीद प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाबार्ड के माध्यम से ऋण प्रवाह की स्थिति की समीक्षा करने तथा किसानों को ऋण उपलब्ध कराने में आ रही समस्याओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। मुख्य सचिव ने डेयरी सहकारी समितियों के गठन की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने भारत टैक्सी सेवा की कार्यप्रणाली एवं प्रदर्शन का आकलन कर इसे अधिक प्रभावी एवं आमजन के लिए सुलभ बनाने के निर्देश दिए। बैठक में सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अपर सचिव पंकज कुमार बंसल ने 'सहकार से समृद्धि' के अंतर्गत संचालित विभिन्न पहलों के क्रियान्वयन में प्रदेश द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए क्रियान्वयन में आ रही कमियों को चिह्नित कर संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करें।

हम कॉम्पिटिशन से डरते नहीं मस्क का यहां स्वागत करते हैं

स्टारलिंक विवाद पर अब रिलायंस इंडस्ट्रीज ने दिया जवाब

आरआईएल ने कहा- हम सैटेलाइट कम्युनिकेशन में कॉम्पिटिशन के लिए तैयार हैं

नई दिल्ली/संचार जगत



स्टारलिंक विवाद पर रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एलन मस्क को जवाब दिया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने साफ-साफ कहा कि कंपनी कभी कॉम्पिटिशन से डरती नहीं, बल्कि उसका स्वागत करती है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा कि वह भारत के सैटेलाइट कम्युनिकेशन बाजार में एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक समेत सभी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा का स्वागत करती है। हालांकि, कंपनी ने इस बात पर जोर दिया कि सभी ऑपरेटरों को देश के कानूनों और रेगुलेटरी नियमों का पालन करना होगा। दरअसल, रिलायंस और भारतीय बाजार को लेकर हाल ही में की गई एलन मस्क की टिप्पणियों के बीच कंपनी ने एक बयान जारी किया।

जियो भी कर रही मंजूरी का इंतजार

बयान में कहा गया, जैसा कि भारत सरकार ने बताया है कि वह हर आवेदक के लिए एक जैसी प्रक्रिया अपनाती है, चाहे वह भारतीय हो या विदेशी। जियो की अपनी सैटेलाइट सेवाएं भी अभी मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। रिलायंस ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धा को ग्राहकों की सेवा करने का एक जरूरी हिस्सा मानती है। कंपनी ने 2016 में टेलीकॉम सेक्टर में जियो की एंट्री को अपने इसी नजरिए के एक उदाहरण के तौर पर पेश किया। कंपनी ने कहा, रिलायंस ने कभी प्रतिस्पर्धा से डरना नहीं सीखा। हम इसे इस बात की सबसे सच्ची कसौटी मानते हैं कि ग्राहकों की सबसे अच्छी सेवा कौन करता है।

मेरठ सांप कांड में रविता और अमरदीप को फांसी

पति का गला घोंटने के बाद बिस्तर पर छोड़ दिया था सांप

नई दिल्ली

मेरठ कोर्ट ने दो दिन में चार लोगों को दी मौत की सजा

अपने पति की गला दबाकर हत्या करने वाली रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। रविता ने अपने प्रेमी अमरदीप के साथ मिलकर पहले पति अमित कश्यप का गला दबाकर उसकी जान ली और इसके बाद इस हत्याकांड को हादसा दिखाने के लिए उसके बिस्तर पर सांप छोड़ दिया।

हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने रविता और उसके प्रेमी अमरदीप के झूठ का पर्दाफाश कर दिया। 12 अप्रैल 2025 की इस घटना में आखिरकार आज इंसाफ हो गया। मेरठ की अदालत ने दो दिन में चार लोगों को फांसी की सजा सुना चुकी है। मेरठ के एडीजे 12 जयवीर सिंह नागर की कोर्ट ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई की। आरोपी रविता और अमरदीप वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जेल से जुड़े थे। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना और आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई। मेरठ के बहसूमा क्षेत्र के अकबरपुर सादात गांव में 12 अप्रैल 2025 की रात को अमित कश्यप की हत्या कर दी गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास एवं बाल अधिकारिता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित



संचार जगत

जयपुर। उपमुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास तथा बाल अधिकारिता मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा बाल अधिकारिता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा

बैठक में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री की अध्यक्षता में नई दिल्ली में 8 और 9 अक्टूबर, 2026 को महिला में बाल विकास मंत्रालय की तरफ से आयोजित राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में आयोजित किया गया, जिसमें सभी राज्यों के महिला एवं बाल विकास मंत्रियों ने भी सहभागिता की थी।

इस शिखर सम्मलेन के दूसरे दिन माननीय प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों के महिला एवं बाल विकास मंत्रियों को सम्बोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण और बाल विकास हेतु अपने-अपने राज्यों में नवाचार करने के निर्देश प्रदान गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने इसी क्रम में आज की समीक्षा बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को अपने राज्य में जिला स्तर पर महिला सम्मेलन आयोजित करवाने के निर्देश दिए।उन्होंने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री के रूप में वे स्वयं तथा राज्य की महिला विधायकगण के साथ और महिला एवं बाल विकास विभाग के विभिन्न अधिकारी गण देश के तीन राज्यों का दौरा कर, वहां की बेस्ट प्रैक्टिसेज का अवलोकन करेंगे और राजस्थान की बेस्ट प्रैक्टिसेज को भी उनके साथ साझा करेंगे।

बाल अधिकारिता विभाग की समीक्षा

बैठक में विभागीय योजनाओं, संस्थाओं की भौतिक-वित्तीय प्रगति एवं बजट घोषणाओं 2024-25, 2025-26, 2026-27 की विस्तृत समीक्षा की गई।

उपमुख्यमंत्री महोदया ने जोधपुर में चल रहे जिला स्तरीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्र को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र बनाये जाने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 'बच्चों को स्किलिंग करवाया जाना आज के दौर की आवश्यकता है। बालिकाओं और बालकों को सुरक्षित आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सम्मानजनक जीवन मिले, यही सरकार का उद्देश्य है।'

बजट घोषणाओं की समीक्षा एवं प्रमुख निर्देश

1. बजट 2024-25:

बालिका गृहों में आवासित बालिकाओं हेतु जयपुर में राजकीय आवासीय विद्यालय की घोषणा को परिवर्तित रूप में क्रियान्वित करते हुए बालिकाओं को RSLDC के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण दिलाया जाना प्रस्तावित है।

2. बजट 2025-26:

- जयपुर में किशोर सुधार गृह का निर्माण किया जाएगा।
- 10 जिलों में Girl Child Care Institutes हेतु 9 जिलों में भूमि आवंटित व प्रशासनिक स्वीकृति जारी, भारत सरकार को मदर सेक्शन जारी करने हेतु अनुरोध किया गया।

3. बजट 2026-27:

- 40 बाल देखरेख संस्थाओं के जीर्णोद्धार हेतु वित्तीय स्वीकृति जारी। जयपुर संप्रेषण गृह में टेंडर पूर्ण, मरम्मत प्रक्रियाधीन, शेष 39 में निविदा प्रक्रियाधीन।
- नवगठित जिलों में 25 क्षमता के बाल गृह एवं 50 क्षमता के Observation Home हेतु 27 करोड़ की घोषणा - 8 जिलों में भूमि आवंटित।

4. अन्य महत्वपूर्ण निर्देशः

- सिविल वर्क का आकलनः सभी बाल गृहों में सिविल कार्यों/मरम्मत का आकलन कर कार्य योजना बनाई जाए, ड्रोन के माध्यम से भी कार्य करवाए जाएं।
- छात्रावास में आरक्षणः सामाजिक न्याय विभाग के छात्रावासों में बाल अधिकारिता विभाग के बच्चों के लिए सीटें आरक्षित करने हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए।
- स्वास्थ्य बीमाः आवासित बच्चों के स्वास्थ्य बीमा पर चर्चा की गई।

कमाल मस्क ने किया वीडियो जारी, पहले कार सड़क पर दौड़ी और फिर हवा में उड़ी

टेस्ला की आ गई उड़ने वाली कार, नाम रोडस्टार

नई दिल्ली/संचार जगत



टेस्ला की फ्लाइंग कार का वीडियो इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। टेस्ला ने उड़ने वाली कार के कॉन्सेप्ट को हकीकत में लाकर खड़ा कर दिया है। इसका नाम टेस्ला रोडस्टार है और कंपनी ने इसको लॉन्च कर दिया है। मस्क ने बताया कि रोडस्टर का प्रोडक्शन साल 2028 में शुरू होगा। कार को बुक करने के लिए कुल 50 हजार डॉलर यानी करीब 48 लाख का डिपॉजिट देना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, यह पूरा पैसा 100 प्रतिशत रिफंडेबल है। जारी वीडियो में दिखाया है कि टेस्ला की कार रोड पर चलती है और फिर खड़ी दीवार पर चढ़ जाती है, जिसके बाद जाकर वह पलट जाती है।

कार की स्पीड

0 से 60 मील यानी, 97 किमी/घंटे की रफ्तार पकड़ने के मामले में इस कार ने डेमो के दौरान महज 0.81 सेकंड का समय दर्ज किया है। अगर 2028 में यह कार इसी क्षमता के साथ बाजार में उतरती है, तो यह दुनिया की सबसे तेज पिकअप वाली कार बन जाएगी। फिलहाल यह रिकॉर्ड क्रोएशियाई इलेक्ट्रिक हाइपरकार रिमैक नेवेरा आर के नाम है। इसने 1.66 सेकंड में 0-60 मील प्रति घंटा का आंकड़ा दर्ज किया है। टॉप स्पीड के मामले में फिलहाल यह दुनिया की सबसे तेज कार नहीं है। टेस्ला का दावा 230 मील प्रति घंटे यानी करीब 370 किमी/घंटे से अधिक रफ्तार का है। जबकि यांगवांग यू9 एक्सट्रीम 308 मील/घंटे यानी करीब 496 किमी/ घंटे जैसी गाड़ियां इससे कहीं आगे हैं।

स्पेसएक्स के इंजीनियर्स ने किया है यह कमाल

मस्क इस कार को टेस्ला और स्पेसएक्स के इंजीनियरों के साथ मिलकर किए गए काम का नतीजा बताया। मस्क ने बताया कि कार खुद को ऊपर उठाने के लिए एक एडवांस्ड अल्ट्रा-हाई प्रेशर एयर टैंक का इस्तेमाल करती है। कार में हवा में कंट्रोल के लिए एल्टीट्यूड थ्रस्टर्स और पीछे की तरफ मेन थ्रस्टर्स हैं। यह बिल्कुल रॉकेट की तरह उड़ सकती है और हवा में कलाबाजियां खा सकती है। इवेंट में जब एक दर्शक ने पूछा कि क्या यह कार आम सड़कों पर चलाने के लायक है, तो मस्क ने मजाकिया अंदाज में कहा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपकी सड़क कैसी है। हालांकि, उन्होंने तुरंत साफ किया कि यह इस्तेमाल करने में एक प्रैक्टिकल कार ही होगी। मस्क ने यह भी बताया कि रोडस्टर टेस्ला की इकलौती ऐसी कार होगी जिसे सिर्फ मैन्युअली चलाया जा सकेगा। इसे बहुत ज्यादा सेफ्टी को ध्यान में रखकर डिजाइन नहीं किया गया है।

जेडीए ने एक घंटे में जारी किए लीजहोल्ड पट्टे, अभियान के दौरान 3774 प्रकरणों का किया निस्तारण

संचार जगत



जयपुर। राज्य सरकार द्वारा आयोजित सेवा सेतु अभियान-2026 के तहत जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविर संपन्न हो गए। अभियान के दौरान जेडीए ने आमजन को विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराने और उनके प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने पर विशेष ध्यान दिया। अभियान अवधि में कुल 3774 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जेडीसी सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि शिविरों में लीजहोल्ड पट्टों से संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदकों को राहत प्रदान की गई। शिविर में आवेदन करने पर एक घंटे में ही पट्टे जारी किए गए, जिससे आवेदकों को मौके पर राहत मिली और उन्हें अपने कार्य के लिए अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ा। उन्होंने बताया कि सेवा सेतु अभियान के माध्यम से नागरिकों को सरल, सुलभ और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। शिविरों में प्राप्त प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के साथ यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि आमजन को अपने कार्यों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। जेडीए परिसर स्थित नागरिक सेवा केन्द्र में 7 से 16 अक्टूबर तक जोनवार शिविर आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त, अभियान अवधि में रविवार को छोड़कर संबंधित जोन कार्यालयों में भी शिविर लगाए गए।

चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में हुआ ईवीएम का द्वितीय रैंडमाइजेशन

संचार जगत

जयपुर। पंचायती राज आम चुनाव 2026 के अंतर्गत जयपुर जिले की समस्त 22 पंचायत समितियों के समस्त चरणों के लिए शुक्रवार को ईवीएम मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक के निर्देशन में मृणाल कुमार आईएएस, अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर प्रथम राजीव द्विवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज सिंह मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर शहर पूर्व नरेंद्र कुमार वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर शहर दक्षिण युगांतर शर्मा, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतीराज चुनाव पूर्ण स्वतंत्रता, निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए जिले में सभी 22 पंचायत समितियों के अंतर्गत आने वाली 597 ग्राम पंचायतों के 2094 बूथों के 5115 बैलेट यूनिट तथा 5115 ही कंट्रोल यूनिट के लिए रैण्डमाइजेशन किया गया है।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज परिसर में कथित अनाधिकृत काउंसलिंग गतिविधियों को लेकर एफआईआर दर्ज

नीट यूजी काउंसलिंग स्थल पर निजी कंपनी के प्रतिनिधियों की गतिविधियों का मामला

संचार जगत

जयपुर। एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर में राजस्थान नीट यूजी मेडिकल एवं डेंटल काउंसलिंग के दौरान कथित अनाधिकृत काउंसलिंग गतिविधियों को लेकर मेडिपीडिया ओवरसीज एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और उसके संबंधित प्रतिनिधियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी गई है। स्टेट नीट यूजी मेडिकल एवं डेंटल काउंसलिंग बोर्ड के अध्यक्ष की ओर से एसएमएस अस्पताल थाने में दी गई शिकायत में मामले की एफआईआर दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि कंपनी के प्रतिनिधियों ने काउंसलिंग स्थल और शैक्षणिक परिसर में प्रवेश कर विद्यार्थियों को निजी काउंसलिंग सेवाएं देने का प्रयास किया। प्रतिनिधियों ने अपनी सेवाओं का प्रचार करते हुए आधिकारिक सहायता से संबंधित होने का आभास दिया और संस्थान के साथ अपने संबंधों को लेकर ऐसी प्रस्तुति की, जो भ्रामक की श्रेणी में है ।

इस तरह की गतिविधियों से अधिकारिक प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विद्यार्थियों में भ्रम पैदा हो सकता है और उन्हें आर्थिक या अन्य परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बोर्ड ने इन गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित व्यक्तियों की भूमिका और परिसर में उनकी गतिविधियों की जांच करने का अनुरोध किया है। साथ ही कंपनी के सोशल मीडिया प्रचार से संबंधित सामग्री, तस्वीरें और अन्य डिजिटल साक्ष्य भी पुलिस को उपलब्ध कराए गए है। इन सामग्रियों में कॉलेज परिसर में कंपनी की गतिविधियों के प्रचार और नीट यूजी काउंसलिंग से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने के दावे शामिल हैं।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी सख्त कार्रवाईः जिला निर्वाचन अधिकारी

चुनाव ड्यूटी में लापरवाही पर दो कार्मिकों की वेतन वृद्धियां रोकीं

संचार जगत

चुनाव प्रशिक्षण और मतदान दल रवानगी में अनुपस्थित कार्मिकों पर प्रशासन सख्त



ठ नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत मतदान दल रवानगी एवं प्रशिक्षण में लापरवाही बरतने एवं अनुपस्थित रहने पर जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं जिला कलक्टर संदेश नायक ने दो कार्मिकों के असंतोषप्रद जवाबों पर कड़ा निर्णय लेते हुए दो वार्षिक वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोके जाने का दण्ड दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) संदेश नायक ने बताया कि नगर निगम जयपुर के चुनाव प्रशिक्षण में बिना किसी ठोस कारण के अनुपस्थित एक कार्मिक तथा मतदान दल रवानगी के दौरान उपस्थित दर्ज कराने के पश्चात रवानगी स्थल के प्रशिक्षण को छोड़कर जाने वाले कार्मिकों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) 1958 के नियम 17 के तहत चार्जशीट दी गई है, जिस पर कार्मिकों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया। कार्मिकों द्वारा संतोषप्रद जवाब उपलब्ध नहीं कराने पर उक्त अधिनियम के नियम 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दो वार्षिक वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोके जाने का दण्ड दिया गया है। साथ ही नगर निगम चुनाव की 10 सितंबर को भवानी निकेतन से हुए रवानगी के दौरान अनुपस्थित रहे कार्मिकों को भी सीसीए नियम 17 के अंतर्गत नोटिस जारी कर जवाब प्राप्त किए गए थे। उनके प्राप्त जवाबों का अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जयपुर प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ से परीक्षण करवाया जा रहा है। यदि उनके जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाते हैं तो ऐसे कार्मिकों के विरुद्ध भी सीसीए नियमों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कलक्टर ने कहा कि शीघ्र ही पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचन की प्रक्रिया संपादित की जाएगी। यदि किसी कार्मिक द्वारा चुनाव कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बरती जाती है तो ऐसे ही भविष्य में ऐसे कार्मिकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचन जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य को गंभीरता से न लेना तथा निर्धारित कर्तव्यों का विधिवत निर्वहन न करना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। ऐसे में संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 (1) के तहत कार्यवाही की जाकर मुकदमा भी दर्ज करवाया जाएगा।

राज्यपाल ने ली बीकानेर के जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

जिले को टीबी और नशा मुक्त बनाने की दिशा में हों सतत और समन्वित प्रयास : राज्यपाल बागडे

संचार जगत

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि बीकानेर जिले को टीबी मुक्त और नशाखोरी से मुक्त बनाने की दिशा में सतत और समन्वित प्रयास किए जाएं।

साथ ही जिले के शत-प्रतिशत बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ें और यह भी सुनिश्चित करें कि यह बच्चे ड्रॉप आउट नहीं हों।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को बीकानेर के राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। राज्यपाल बागडे ने कहा कि टीबी के प्रत्येक संभावित मरीज की बेहतर स्क्रीनिंग हो।

पंचायत चुनाव पर्यवेक्षकों की कार्यशाला आयोजित

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

संचार जगत



जयपुर। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह की अध्यक्षता में पंचायत एवं जिला परिषद चुनाव पर्यवेक्षकों की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जयपुर जिले के सभी चुनाव पर्यवेक्षक उपस्थित रहे, जबकि प्रदेश के अन्य जिलों के पर्यवेक्षकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यशाला में भाग लिया। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि पंचायत एवं जिला परिषद चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण भाग हैं। अतः सभी पर्यवेक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण संवेदनशीलता, निष्पक्षता एवं जवाबदेही के साथ करें। उन्होंने निर्वाचन संबंधी सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र पर पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न करवाने के निर्देश दिए। 45,384 मतदान केंद्रों पर होंगे चुनाव, पर्यवेक्षक पूरी सतर्कता से निभाएं दायित्व–

सिंह ने पंचायत एवं ज़िला परिषद चुनावों के व्यापक स्वरूप की जानकारी देते हुए बताया कि इन चुनावों के माध्यम से कुल 45,384 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा तथा 1,55,138 जनप्रतिनिधियों का निर्वाचन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षक संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान दें तथा नियमित फील्ड विजिट कर यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मतदाता निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान हथियारों की नियमानुसार जब्ती, मतदाताओं को डराने-धमकाने वाले व्यक्तियों पर निगरानी तथा स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन की सूचना सर्वप्रथम जिला निर्वाचन अधिकारी को दी जाए तथा आवश्यकता होने पर प्रकरण को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर तक पहुंचाया जाए। साथ ही, उम्मीदवारों द्वारा निर्धारित व्यय सीमा का उल्लंघन नहीं होने देने के लिए भी प्रभावी निगरानी की जाए।

रमेश शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया

संचार जगत

जयपुर। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी सेवाओं को सरलता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने राज्यभर में सेवा सेतु अभियान संचालित किया है जो आम नागरिकों के लिए राहत का बड़ा माध्यम बन रहा है।

ऐसी ही राहत ब्यावर के रमेश शर्मा को मिली है जो पहले ब्यावर शहर के डिग्गी मोहल्ला में अपनी मां के साथ रहते थे, अब वे अजमेर रोड स्थित हंस नगर में निवास करते हैं। उनकी माता चमेली देवी पत्नी लक्ष्मीनारायण शर्मा का निधन 1970 में हो गया था।

अब 56 साल बाद रमेश को अपनी मां के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ी।

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री ने किया सरिस्का टाइगर रिजर्व का दौरा



वन संरक्षण एवं ईको ट्यूरिज्म विकास पर दिया बल, सिलीसेढ़ में वॉच टावर के प्रस्ताव बनाने के दिए निर्देश

संचार जगत

जयपुर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शुक्रवार को अलवर स्थित सरिस्का टाइगर रिजर्व स्थित फील्ड डायरेक्टर कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने सरिस्का टाइगर रिजर्व में वन एवं वन्यजीव संरक्षण, बाघ संरक्षण तथा पर्यटन सुविधाओं के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बफर क्षेत्र के बारा लिवारी में नवीन पर्यटन गेट के निर्माण के संबंध में योजनानुसार कार्य करने के निर्देश दिये।

इस गेट ओर टिकिट खिड़की बनने से पर्यटन विकास एवं वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक उपयोगी कदम साबित होगा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को वन सुरक्षा को सुदृढ़ करने, बाघों एवं अन्य वन्यजीवों के संरक्षण, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्राण तथा वन क्षेत्रा की सतत निगरानी एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये।

इसके उपरान्त वन राज्यमंत्री ने सिलीसेढ़ झील के निकट स्थित क्रोकोडाइल पॉइंट का निरीक्षण कर इसे प्राकृतिक विशेषताओं एवं पर्यटन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए ईको ट्यूरिज्म के रूप में विकसित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मगरमच्छों की बढती संख्या एवं पर्यटक की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए वॉच टावर बनाने के प्रस्ताव तैयार करने के लिए निर्देशित किया।

हिमालय की गोद में आरएसी-एमबीसी के 472 नव आरक्षियों की भव्य दीक्षांत परेड, एडीजी प्रशिक्षण राघवेंद्र सुहास ने ली सलामी

एसएसबी के शमशी प्रशिक्षण केंद्र में योगाभ्यास, दंगा नियंत्रण, जूडो और आतंक विरोधी कार्रवाई का शानदार प्रदर्शन

संचार जगत



जयपुर। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के कुल्लू स्थित शमशी प्रशिक्षण केंद्र में राजस्थान सशस्त्र कांस्टेबुलरी (आरएसी) एवं मेवाड़ भील कोर (एमबीसी) के नव आरक्षियों की भव्य दीक्षांत परेड आयोजित हुई। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (प्रशिक्षण) राघवेंद्र सुहास ने परेड की सलामी ली। 472 कांस्टेबल्स की इस दीक्षांत परेड में आरएसी और एमबीसी के जवानों ने अपने जोशीले कदमों से राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के सैकड़ों दर्शकों का दिल जीत लिया। परेड के बाद नव आरक्षियों ने योगाभ्यास, दंगा नियंत्रण, जूडो और आतंक विरोधी कार्रवाई का शानदार प्रदर्शन किया। सशस्त्र सीमा बल के उप महानिरीक्षक अजय कुमार ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। समारोह में परेड कमांडर जयपाल सिंह चौहान के साथ सभी प्लाटून कमांडर, अनुदेशकों और विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मुकेश कुमार को सर्वश्रेष्ठ नव आरक्षी (ओवरऑल बेस्ट) के खिताब से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त बेस्ट इंडोर नव आरक्षी सुरेन्द्र बिड़ियासर, बेस्ट आउटडोर हरीश कुमार, बेस्ट फायरर सवान खान और बेस्ट इन ड्रिल एवं टर्नआउट जयपाल चौहान रहे।

उत्कृष्ट प्रशिक्षकों को पुरस्कार

प्रशिक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कंपनी कमांडर विजयपाल को बेस्ट इंडोर प्रशिक्षक, इंस्पेक्टर (जीडी) प्रकाश कुमार तिवारी को बेस्ट आउटडोर प्रशिक्षक तथा सेवानिवृत्त असिस्टेंट कमांडेंट जिया लाल को ओवरऑल बेस्ट प्रशिक्षक का पुरस्कार प्रदान किया गया।

सांस्कृतिक संध्या और बड़े खाने का आयोजन

दीक्षांत समारोह के अवसर पर शाम को सांस्कृतिक संध्या एवं बड़े खाने का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले नवआरक्षकों के लिए गौरव और उपलब्धि का अवसर है। 472 जवानों की यह दीक्षांत परेड उनके कठोर प्रशिक्षण, अनुशासन और पुलिस सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक बनी।

हर माह पुरस्कृत होंगे सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाने

पुलिस थानों में 31 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा थाना परिसर से मालखानों और बैरकों तक होगी साफ-सफाई

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान के सभी पुलिस थानों में 31 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा आयोजित होगा। इस दौरान थानों में साफ-सफाई के साथ बुनियादी व्यवस्थाओं में सुधार भी किया जाएगा।

इसमें स्वच्छता को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस थानों को जिला पुलिस, रेंज और पुलिस मुख्यालय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। खास बात यह है कि पखवाड़ा समाप्त होने के बाद भी हर माह सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाने का चयन कर उसे पुरस्कृत किया जाएगा।

इससे स्वच्छता सिर्फ पखवाड़े तक सीमित न रहकर नियमित कार्यशैली का हिस्सा बनेगी। केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में शुक्रवार को नई दिल्ली में बैठक हुई। इसमें महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। बैठक के बाद डीजीपी शर्मा ने प्रदेश के पुलिस अधिकारियों को 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पुलिस रेंज के महानिरीक्षक, पुलिस आयुक्त, जिला पुलिस अधीक्षक और डीसीपी को सभी थानों में स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

ड्रोन से पहले और बाद का आकलन

इसके तहत पुलिस थाना परिसर और नजदीकी क्षेत्र में व्यापक सफाई कराई जाएगी। स्वच्छता कार्य शुरू होने से पहले ड्रोन से फोटो और वीडियोग्राफी कराकर पुलिस मुख्यालय को भेजना होगा। पखवाड़े के दौरान किए गए कार्यों के बाद दोबारा ड्रोन शूट कराकर स्थिति की जानकारी देनी होगी।

इससे अभियान से पहले और बाद में थानों की स्वच्छता में प्रगति का तुलनात्मक आकलन किया जा सकेगा।

ट्रेडिंग के बहाने धोखे से बुलाकर लूटा



संचार जगत

जयपुर। कार सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति से 6 लाख रुपए लूट लिए। व्यक्ति के चिल्लाने पर बदमाश धक्का मार गिराकर फरार हो गए। बदमाशों ने पीड़ित को ऑनलाइन ट्रेडिंग के बहाने धोखे से बुलाया था। गांधी नगर थाना पुलिस की ओर से सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल नंबर के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है। बस्सी के गांव मोहनपुरा निवासी विष्णु प्रसाद मीणा के साथ लूट की वारदात हुई। वह ऑनलाइन ट्रेडिंग का काम करते है। सोशल मीडिया के जरिए मिले कॉन्टैक्ट नंबर के आधार पर उनकी बातचीत हुई। ट्रेडिंग में प्रॉफिट की गारंटी लेकर आईडी खोलने का विश्वास दिलाया। मिलने के बहाने मोबाइल पर राजस्थान यूनिवर्सिटी के पीछे की लोकेशन मोबाइल पर भेजी। लूटेरों ने उन्हें ट्रेडिंग आईडी बनाने के नाम पर बुलाकर घटना को अंजाम दिया। कार सवार बदमाश 6.10 लाख रुपए, पेनकार्ड, डेबिट-क्रेडिट कार्ड लूट लेकर फरार हो गए। पीड़ित के बेटे की शिकायत पर गुरुवार शाम मामला दर्ज किया गया।

एसओजी ने दो फर्जी डॉक्टरों को किया गिरफ्तार



संचार जगत

जयपुर। स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप ने राजस्थान में मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले एक बहुत बड़े फर्जीवाड़ा सिंडिकेट का ने पर्दाफाश किया है। फर्जी डिग्री और जाली दस्तावेजों के सहारे राजस्थान मेडिकल काउंसिल में बतौर डॉक्टर रजिस्ट्रेशन कराकर प्रैक्टिस करने वाले दो मुख्य अभियुक्तों पंकज यादव और नानंजी राम चौधरी को गिरफ्तार किया है। महज 8वीं पास एक शख्स फर्जी दस्तावेजों के दम पर खुद को गायनेकोलॉजिस्ट बनाकर निजी अस्पताल का मालिक बन बैठा और ऑपरेशन थिएटर तक में मरीजों का इलाज करने लगा। मामले की शुरुआत 6 अक्टूबर 2024 को राजस्थान मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. गिरिधर गोपाल द्वारा जयपुर के अशोक नगर थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट से हुई थी। प्रारंभिक जांच में 8 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा हुआ था, जिसकी जांच बाद में एसओजी को ट्रांसफर कर दी गई। वह अब इस बात की जांच कर रही है कि मेडिकल काउंसिल के किन अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से बिना किसी वास्तविक सत्यापन के इन झोलाछाप और फर्जी डिग्रीधारियों के नाम मेडिकल रजिस्टर में दर्ज कर दिए गए। पुलिस रिमांड के दौरान दोनों से फर्जी दस्तावेज बनाने वाले दलालों और अन्य संदिग्धों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

पुलिस लाई मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल

संचार जगत

जयपुर। महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार साइबर ठगी के पीड़ितों को राहत दिलाने और उनके बैंक खातों में होल्ड या फ्रीज की गई धनराशि वापस करवाने के लिए राजस्थान पुलिस की साइबर शाखा आर4सी द्वारा मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल के माध्यम से कार्रवाई की जा रही है। इस मॉड्यूल के जरिए राजस्थान पुलिस अब तक 8 हजार 16 आवेदनों पर कार्रवाई कर 5.67 करोड़ रुपये की वापसी के लिए बैंकों को निर्देश दे चुकी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया है कि एमआरएम के माध्यम से फ्रीज की गई धनराशि की वापसी की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया गया है। इसका उद्देश्य पात्र पीड़ितों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनकी रकम वापस दिलाने में मदद करना है, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से अदालतों और बैंकों के चक्कर न लगाने पड़ें। मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत ढ्4ष्ट द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शुरू किया गया ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। इसके माध्यम से साइबर वित्तीय धोखाधड़ी में होल्ड या फ्रीज की गई राशि की वापसी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

30 दिन के लिए 3000 अतिरिक्त सफाई कर्मचारी होंगे तैनात

संचार जगत


जयपुर। दीपावली से पहले जयपुर की सफाई व्यवस्था, रोशनी और सौंदर्यीकरण को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम ने 100 दिवसीय कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत शहर के सभी 150 वार्डों में स्वच्छता उत्सव आयोजित किए जाएंगे। त्योहारी सीजन में 15 अक्टूबर से 14 नवंबर तक 3000 अतिरिक्त सफाई कर्मचारी तैनात होंगे। वहीं, दीपावली से पहले 6000 नई एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाने का लक्ष्य रखा गया है। निगम ने 31 अक्टूबर को शहरव्यापी ऑपरेशन क्लीन स्वीप 2.0 और 24 अक्टूबर को रंग दे गुलाबी 2.0 अभियान आयोजित करने की योजना बनाई है।

सीएम ने मां जीण भवानी के किए दर्शन

जयपुर (संचार जगत)। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के छठे दिन राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीकर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां जीण भवानी के श्रीचरणों में नमन किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपना भक्तिमय संदेश साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के कल्याण, खुशहाली और राज्य के निरंतर विकास की मंगलकामना की। भजनलाल शर्मा ने अपने संदेश में कगा कि आस्था और श्रद्धा का केंद्र सीकर की पावन धरा पर विराजमान मां जीण भवानी के श्रीचरणों में कोटि-कोटि नमन। अरावली की पहाड़ियों में स्थित मां जीण भवानी का पावन धाम श्रद्धा, भक्ति और अटूट विश्वास का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने राज्य की प्रगति की कामना करते हुए लिखा कि मां जीण भवानी समस्त प्रदेशवासियों की मनोकामनाएं पूर्ण करें ।

मदन राठौड़ ने पाकिस्तान के संबंध में दिए गए बयान पर दी सफाई

संचार जगत



जयपुर । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाकिस्तान के संबंध में वायरल तथाकथित वीडियो पर अपनी सफाई दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके भाषण को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है और गलत इरादे से प्रसारित किया गया है। राठौड़ ने कहा कि वायरल क्लिप में उनके भाषण का पूरा संदर्भ नहीं है। मदन राठौड़ ने अपनी सफाई में कहा कि उनके भाषण के 20 सेकंड के हिस्से को जानबूझकर एडिट किया गया और दुर्भावनापूर्ण इरादे से प्रसारित किया गया। उनके बयानों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया है, जबकि ये बातें भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैचों और देशभक्ति पर हो रही चर्चा के दौरान कही गई थीं। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका और पाकिस्तान जैसे देशों का जिक्र एक व्यापक चर्चा का हिस्सा था, लेकिन एक छोटे से हिस्से को इस तरह फैलाया गया, जिससे गलत धारणा बने। उन्होंने अपने बयानों से पाकिस्तान के प्रति नरम रुख अपनाने के सुझावों को भी खारिज किया।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को लेकर उनके रुख में किसी भी तरह के भ्रम की कोई गुंजाइश नहीं है। राठौड़ ने कहा कि पड़ोसी देश के प्रति उनका विरोध कायम रहेगा।

गहलोत ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर उठाए सवाल

संचार जगत



जयपुर । पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राजस्थान में कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मचारी 10 माह से पेंशन परिलाभ, ग्रेच्युटी और पीएफ के भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। यह उनकी अपनी मेहनत की कमाई और जमा पूंजी है, जिसे सरकार नहीं दे रही है। गहलोत ने कहा कि इसी के विरोध में कर्मचारी महासंघ को सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करना पड़ रहा है और अब त्योहार पर काली दिवाली मनाने का ऐलान करना पड़ा है। गहलोन ने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई को रोज नए दिखावटी आयोजनों और प्रचार पर लुटाने वाली भाजपा सरकार के पास अपने ही कर्मचारियों को देने के लिए पैसा नहीं है। इसे लेकर जनता में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार तुरंत श्वेत पत्र जारी कर प्रदेश की असली वित्तीय स्थिति जनता के सामने रखे और कर्मचारियों का बकाया भुगतान जल्द से जल्द करे।

भजनलाल शर्मा ने राजेंद्र राठौड़ से की मुलाकात



संचार जगत

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के निवास पर पहुंचे और उनकी कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने राजेंद्र राठौड़ के आवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने राजेंद्र राठौड़ से मुलाकात की और उनके हालचाल जाने। राजस्थान की राजनीति में राजेंद्र राठौड़ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री का उनके निवास पर पहुंचना और स्वास्थ्य की जानकारी लेना राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय है।

कथित अनाधिकृत काउंसलिंग मामले में एफआईआर दर्ज

संचार जगत



जयपुर। एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर में राजस्थान नीट यूजी मेडिकल एवं डेंटल काउंसलिंग के दौरान कथित अनधिकृत काउंसलिंग गतिविधियों को लेकर मेडिपीडिया ओवरसीज एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और उसके संबंधित प्रतिनिधियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी गई है। स्टेट नीट यूजी मेडिकल एवं डेंटल काउंसलिंग बोर्ड के अध्यक्ष की ओर से एसएमएस अस्पताल थाने में दी गई शिकायत में मामले एफआईआर दर्ज की गई है और अध्यक्ष की ओर से नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। उल्लेखनीय है कि कंपनी के प्रतिनिधियों ने काउंसलिंग स्थल और शैक्षणिक परिसर में प्रवेश कर विद्यार्थियों को निजी काउंसलिंग सेवाएं देने का प्रयास किया। प्रतिनिधियों ने अपनी सेवाओं का प्रचार करते हुए आधिकारिक सहायता से संबंधित होने का आभास दिया और संस्थान के साथ अपने संबंधों को लेकर ऐसी प्रस्तुति की, जो भ्रामक की श्रेणी में है । बोर्ड की ओर से दर्ज शिकायत के उपलब्ध दस्तावेज में कंपनी और उसके संबंधित प्रतिनिधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए अनुरोध किया था ।

पुलिस ने लूट के चार आरोपी पकड़े




संचार जगत

जयपुर। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार लूट की वारदात में शामिल चार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई स्विफ्ट कार भी बरामद कर ली है। चारों आरोपियों की गिरफ्तारी पर ढ़ाई-ढ़ाई हजार रुपये का इनाम घोषित था। डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया कि 9 अक्टूबर को सांगानेर के वाटिका निवासी 34 वर्षीय ओमप्रकाश प्रजापति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई और आरोपियों के भागने के रास्ते का चार्ट तैयार किया गया। आसूचना और तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई स्विफ्ट कार बरामद कर ली है।

जयपुर में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

संचार जगत



जयपुर। करधनी थाना इलाके में ससुराल में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को दहेज के लिए टॉर्चर किया जाता था और धारदार हथियार से उसकी हत्या की गई है। मृतका के सिर पर चोट का निशान भी पाया गया है। शास्त्री नगर के ओम शिव कॉलोनी निवासी शंकर लाल चौहान ने इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज कराया है। उनकी 34 वर्षीय बेटी रेणु चौहान की शादी फरवरी 2018 में हरनाथपुरा झोटवाड़ा निवासी गजेंद्र दायमा के साथ हुई थी, जो फायर इंस्ट्रूमेंट की फिटिंग का काम करता है। दंपती का एक 5 साल का बेटा भी है। पिता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग रेणु को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित करते थे। गुरुवार सुबह करीब 10:45 बजे पीहर पक्ष को सूचना दी गई कि रेणु बेहोश हो गई है और उसे अस्पताल ले जाया जा रहा है। परिजन जब उसे पहले चिरायु हॉस्पिटल और वहां से कांवटिया हॉस्पिटल लेकर पहुँचे, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुँची और मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर गुरुवार दोपहर शव परिजनों को सौंप दिया।

हाउसिंग बोर्ड आज चार आवासीय योजना करेगा लॉन्च

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड जयपुर, भिवाड़ी और अजमेर के किशनगढ़ में नई आवासीय योजनाएं लॉन्च करेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इन योजनाओं को लॉन्च करेंगे, जिनमें मध्यम और उच्च आय वर्ग के लिए 41 लाख से लेकर एक करोड़ रुपए से अधिक कीमत के फ्लैट और मकान उपलब्ध होंगे। आवेदन प्रक्रिया आज से 16 नवंबर तक चलेगी। इसके साथ ही जयपुर के इंदिरा गांधी नगर में पत्रकारों के लिए भी 144 फ्लैट की योजना लाई जा रही है। किशनगढ़ में हाउसिंग बोर्ड एमआईजी-ए वर्ग के 26 मकान एमआईजी-बी वर्ग के 40 और एचआईजी के 24 स्वतंत्र मकान बनाए जाएंगे। खोड़ा गणेश रोड पर फेज-4 की स्कीम में 45 फीसदी मकान कैश और 55 फीसदी मकान किश्तों पर उपलब्ध करवाए जाएंगे। जयपुर के प्रताप नगर सेक्टर 28 में 146 मल्टी स्टोरी फ्लैट की योजनाएं लॉन्च की जाएगी। आरएचबी ग्रीनवुड के नाम से प्रस्तावित इस योजना में एचआईजी-1 के 55 फ्लैट और एचआईजी-2 के 91 फ्लैट बनाए जाएंगे। ये सभी फ्लैट सेल्फ फाइनेंस स्कीम के तहत बनाए जाएंगे, जिसमें आवंटी से 2 से ढाई साल में किश्तों में पूरा पैसा लिया जाएगा। अलवर के पास भिवाड़ी में हाउसिंग बोर्ड अरावली विहार योजना में मल्टी स्टोरी फ्लैट की योजना लॉन्च करने जा रहा है।

विदेश में नौकरी का झांसा देकर की साइबर ठगी

संचार जगत



जयपुर। सेण्ट्रल साइबर पुलिस स्टेशन जयपुर ने विदेशी मुद्रा और विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगी करने के मामले में आरोपी वसीम हुसैन को गुडगांव से गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विजय कुमार सिंह ने बताया कि जयपुर निवासी परिवादी से 3 मई 2024 को फेसबुक पर डायोन मार्ले से दोस्ती की। उसने खुद को अमेरिका की निवासी और इंग्लैण्ड की फार्मास्यूटिकल कम्पनी में अकाउंटेंट बताकर परिवादी के पुत्र को विदेश में नौकरी दिलाने और स्वयं भारत आने का झांसा दिया। इसके बाद एयरपोर्ट, कस्टम, मनी लॉन्ड्रिंग सर्टिफिकेट और आयकर जैसे शुल्कों के नाम पर विभिन्न बैंक खातों में कुल 22 लाख रुपये जमा करवा लिए गए। गिरोह के सदस्यों ने कस्टम और अन्य विभागों के अधिकारी बनकर फोन पर बात की और व्हाट्सएप पर कूटरचित रसीदें और दस्तावेज भेजे। रकम देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी देकर फिर रकम जमा करवाई गई। यह गिरोह सोशल मीडिया पर वृद्ध और अकेले रहने वाले लोगों को निशाना बनाता था तथा ठगी की रकम के लिए म्यूल बैंक खातों का उपयोग करता था।

रामचंद्र होंगे अजमेर विकास प्राधिकरण के सचिव

संचार जगत

जयपुर। राज्य सरकार ने दो आरएएस अफसरों के तबादले किए हैं, जबकि 2 आरएएस अफसरों को एपीओ किया गया है। एपीओ चल रहे 6 आरएएस अफसरों और एक एपीओ आईएएस को पोस्टिंग दी गई है। एपीओ चल रहे आईएएस शिवेंद्र प्रताप को बारां जिला परिषद सीईओ के पद पर पोस्टिंग दी गई है। रामचंद्र का तबादला राजस्व अपील अधिकारी अजमेर से अजमेर विकास प्राधिकरण के सचिव पद पर किया है। चुनाव को देखते हुए तबादला और पोस्टिंग वाले अफसरों को तत्काल नई जगह जॉइन करने के आदेश दिए गए हैं।

पीएम श्री विद्यालयों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित



संचार जगत

जयपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत पीएम श्री विद्यालयों की राज्य स्तरीय चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजिता की गई। महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज में आयोजित प्रतियोगिताओं में राजस्थान के 41 जिलों के कुल 82 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में 41-41 प्रतिभागी शामिल हुए। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के पीएम श्री विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता, तार्किक चिंतन एवं अभिव्यक्ति कौशल का परिचय दिया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों और रेखाओं के माध्यम से अपनी कल्पनाशीलता एवं कलात्मक प्रतिभा प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की जानवी जांगम ने प्रथम, श्रीगंगानगर की विनीता ने द्वितीय तथा राजसमंद की प्रिया शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विद्यार्थी के जीवन में मोबाइलः अभिशाप या वरदान विषय पर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही, चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।


विद्यालयों के निर्माण में गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता



जयपुर (संचार जगत)। स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव ने शिक्षा संकुल में आयोजित बैठक में प्रदेश के विद्यालयों में चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने, लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। यादव ने कहा कि विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए संचालित निर्माण कार्यों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं हो तथा निर्माण की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप बनी रहे।

गरबा में महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'शक्ति सुरक्षा अभियान'

संचार जगत



जयपुर। नवरात्रि में गरबा और डांडिया के आयोजनों के दौरान महिलाओं से छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार रोकने के लिए राजस्थान पुलिस ने कड़े कदम उठाते हुए 'शक्ति सुरक्षा अभियान' की शुरुआत की है। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत पांडालों में 'कालिका पेट्रोलिंग यूनिट' को तैनात किया गया है, जहां महिला पुलिसकर्मी वर्दी के साथ-साथ सादे कपड़ों में भी डिकॉय ऑपरेशन चलाकर संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रख रही हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक छेड़छाड़ के मामलों में कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अभियान के तहत विद्याधर नगर स्टेडियम में महिलाओं पर अशोभनीय टिप्पणी करने और ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में शराब पीने की पुष्टि होने पर विजय स्वामी (18) को गिरफ्तार किया गया। इसी स्थान पर पुलिस टीम से अभद्रता और धमकी देने के आरोप में तीन अन्य युवकों–नमन पारीक (23), प्रणय दुबे (21) और विक्रम तंवर (33) को भी दबोचा गया। वहीं, स्वर्ण जयंती पार्क में आयोजित डांडिया कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को परेशान करने, अशोभनीय इशारे करने और गाली-गलौज करने के मामले में अतीक खान (28) नामक युवक को गिरफ्तार किया गया है।एडीजी कम्युनिटी पुलिसिंग एवं जन अभियोग लता मनोज कुमार ने प्रदेशभर के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों और पुलिस कमिश्नरेट को संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए प्रवेश और निकास द्वारों पर डिजिटल पास व पहचान-पत्रों की जांच की जा रही है, जबकि पार्किंग स्थलों और रास्तों पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है।

संपादकीय

मर्ज का वाजिब खर्च

अक्सर मरीजों द्वारा उपचार के दौरान मनमाने दाम वसूलने और कीमतों में पारदर्शिता के अभाव के आक्षेप लगाये जाते रहे हैं। ये केवल पांच सितारा अस्पतालों के संदर्भ में ही नहीं है, क्लिनिकों,सरकारी अस्पतालों में उपचार के दौरान उपचार खर्च में पारदर्शिता के अभाव का जिक्र होता है। जो अकसर कमजोर वर्गों व निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों के लिये रोग से बड़ा सिरदर्द बन जाता है। इस समस्या के मद्देनजर ही केंद्र सरकार ने सभी राज्यों सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे यह सुनिश्चित करें कि अस्पतालों और क्लीनिकों में स्वास्थ्य सेवाओं के शुल्क प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएं। निस्संदेह, इसे सरकार की ओर से एक अधिक पारदर्शी और मरीजों के अनुकूल व्यवस्था बनाने की दिशा में यह स्वागत योग्य कदम कहा जा सकता है। अकसर देखने में आता है कि इलाज के लिये आने वाले मरीजों को उपचार में होने वाले खर्च की स्पष्ट जानकारी नहीं होती। इसमें दो राय नहीं कि परामर्श शुल्क, जांच यानी डायग्नोस्टिक टेस्ट, इलाज की प्रक्रियाओं और अस्पताल में उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं के बारे में स्पष्ट जानकारी होने से मरीजों को सही फैसला लेने में मदद मिलेगी। साथ ही वे अचानक सामने आने वाले वित्तीय बोझ से बच सकेंगे। हालांकि, इससे बचाव के को लेकर सरकारी व निजी अस्पतालों के संचालकों की दलील है कि उपचार की कीमतों की तय सीमा निर्धारित किए जाने से उपचार की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। दरअसल, कई प्राइवेट अस्पताल व क्लिनिकों के संचालक इन निर्देशों को लागू करने के बाबत तमाम तरह के किंतु-परंतु गिनाते हैं। उनकी दलील है कि इन नियमों को लागू करने से उपचार की आर्थिक व्यवहार्यता कमजोर हो सकती है। जिसके चलते उपचार की परिचालन लागत, बुनियादी ढांचे और क्लिनिकल विशेषज्ञता में अंतर को नजरअंदाज किया जा सकता है। निस्संदेह, इन चिंताओं पर विचार तो जरूर किया जाना चाहिए, लेकिन इन्हें कीमतों से जुड़ी जरूरी जानकारी छिपाने का बहाना नहीं बनाया जाना चाहिए। देश में बढ़ते मेडिकल टूरिज्म के विस्तार के लिये भी यह जरूरी है कि उपचार की लागत में पारदर्शिता बनी रहे। इससे देश की विश्वसनीयता भी बढ़ सकती है। निश्चित रूप से उपचार शुल्क में पारदर्शिता लाने से इससे जुड़े तमाम विवाद कम हो सकते हैं। राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को अब नियमित निरीक्षण, शिकायत दर्ज करने की सहज-सुलभ व्यवस्था और नियमों का लगातार पालन न करने पर उचित दंड के जरिये इन निर्देशों को अमल में लाना चाहिए। सही सूचना देने में देरी, गलत जानकारी और कीमतों में अनिश्चितता मरीजों की परेशानी को और बढ़ा सकती है।

चीन-पाकिस्तान रक्षा गठजोड़ और भारत की रणनीतिक विवशता

दक्षिण एशिया का भू-राजनीतिक परिदृश्य तेजी से करवट बदल रहा है। पिछले कुछ समय में चीन और पाकिस्तान के बीच रक्षा एवं सामरिक सहयोग जिस आक्रामकता के साथ आगे बढ़ा है, उसने नई दिल्ली के सुरक्षा गलियारों में खतरे की घंटी बजा दी है। हाल ही में चीन द्वारा पाकिस्तान को पांचवीं पीढ़ी के अत्याधुनिक स्टेल्थ लड़ाकू विमान, विशेष रूप से जे-31 और जे-35 की आपूर्ति करने की खबरें और पाकिस्तानी पायलटों की चीनी वायुसेना के साथ बढ़ती संयुक्त ट्रेनिंग महज एक द्विपक्षीय सैन्य सौदा नहीं है। यह भारत की संप्रभुता, हवाई श्रेष्ठता और दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए एक सीधी और गंभीर चुनौती है। भारतीय वायुसेना के नेतृत्व ने भी इस उभरते खतरे को खुले तौर पर स्वीकार किया है। आज भारत के सामने सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यह है कि वह एक तरफ घटती हुई लड़ाकू विमानों की स्क्वाड्रन क्षमता और दूसरी तरफ 'टू-फ्रंट वॉर' (दो मोर्चों पर युद्ध) की वास्तविक होती आशंका के बीच अपनी सैन्य संप्रभुता को कैसे अक्षुण्ण बनाए रखे। ऐतिहासिक रूप से, भारत ने पारंपरिक सैन्य मोर्चे पर हमेशा पाकिस्तान के खिलाफ एक गुणात्मक और संख्यात्मक बढ़त बनाए रखी है। 1965, 1971 और 1999 के युद्धों में भारतीय वायुसेना की तकनीकी और रणनीतिक श्रेष्ठता ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। यहाँ तक कि हाल के वर्षों में फ्रांस से मिले 4.5 पीढ़ी के राफेल विमानों ने पाकिस्तान की वायुसेना के अमेरिकी एफ-16 विमानों पर भारत को एक स्पष्ट मनोवैज्ञानिक और तकनीकी बढ़त दे दी थी। लेकिन चीन द्वारा पाकिस्तान को पाँचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट सौंपने की यह नई डील इस स्थापित संतुलन को बिगाड़ने की क्षमता रखती है। पाँचवीं पीढ़ी के विमानों की सबसे बड़ी खासियत उनका 'स्टेल्थ' होना है, यानी वे दुश्मन के रडार की नजरों से बचकर बेहद करीब तक हमला करने में सक्षम होते हैं। चीन इस सौदे के जरिए न केवल भारत को अपने पड़ोस में उलझाए रखना चाहता है, बल्कि वह भारतीय उपमहाद्वीप में अमेरिकी प्रभाव और भारत की बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को भी सीमित करना चाहता है। पाकिस्तान आज चीनी सेना के एक 'प्रॉक्सी' के रूप में काम कर रहा है, जिसका एकमात्र उद्देश्य भारत की सैन्य ऊर्जा को निरंतर सोखना है। इस बाहरी खतरे के बीच, भारत की सबसे बड़ी चिंता उसकी आंतरिक रक्षा तैयारियों की धीमी रफ़्तार है। भारतीय वायुसेना




को किसी भी दोहरे मोर्चे की चुनौती से निपटने के लिए कम से कम 42 लड़ाकू विमानों की स्क्वाड्रन की आवश्यकता स्वीकृत है। इसके विपरीत, वर्तमान में यह संख्या घटकर महज 30 स्क्वाड्रन पर आ गई है। मिग-21 जैसे पुराने विमानों के चरणबद्ध तरीके से बाहर होने और नए विमानों के शामिल होने की बेहद धीमी दर ने इस खाई को और चौड़ा कर दिया है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित किए जा रहे तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमानों की डिलीवरी में लगातार हो रही देरी ने वायुसेना के आधुनिकीकरण के पहियों को जाम कर दिया है। वायुसेना प्रमुख के अनुसार, यदि भारत को अपनी खोई हुई हवाई श्रेष्ठता वापस पानी है, तो उसे हर साल अपनी फ्लीट में कम से कम 25 से 30 नए फाइटर जेट शामिल करने होंगे, जो वर्तमान उत्पादन क्षमता को देखते हुए एक बेहद कठिन लक्ष्य प्रतीत होता है। भारत पिछले कई वर्षों से 114 मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट की खरीद प्रक्रिया को अटकाए हुए है। नौकरशाही की लालफीताशाही और बजटीय सीमाओं के कारण इस सौदे पर अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए, भारत सरकार को इसी वित्तीय वर्ष के भीतर फ्रांस के साथ राफेल या किसी अन्य समकक्ष विमान के लिए एमआरएफए डील को अंतिम रूप देना होगा। भारत का अपना पाँचवीं पीढ़ी का विमान कार्यक्रम, जिसे 'एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट' कहा जाता है, अभी भी डिजाइन और शुरुआती विकास के चरणों में है। सरकार को इस परियोजना को 'मिशन मोड' में डालना होगा और निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाकर इसकी समयसीमा को आधा करना चाहिए। यदि एएमसीए के निर्माण में उम्मीद से ज्यादा देरी होती है, तो भारत को व्यावहारिक रुख अपनाते हुए रूसी सुखोई-57 स्टेल्थ फाइटर के प्रस्ताव या अमेरिकी विमानों की तकनीक हस्तांतरण की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार करना होगा। वायु सुरक्षा केवल लड़ाकू विमानों के भरोसे नहीं लड़ी जाती। रूस से मिली एस-400 ट्रिम्फ वायु सुरक्षा प्रणाली और भारत के अपने एंटी-स्टेल्थ रडार नेटवर्क इस खतरे को काफी हद तक कम कर सकते हैं। चीन-पाकिस्तान रक्षा सौदा भारतीय रक्षा योजनाकारों के लिए एक स्पष्ट और कड़ा 'वेक-अप कॉल' है। अब वह समय बीत चुका है जब भारत अपने दुश्मनों पर केवल अपनी संख्या बल या पुराने युद्धों के अनुभवों के आधार पर बढ़त बनाए रख सकता था। आज का युद्ध तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टेल्थ और इलेक्ट्रॉनिक विंग्स का है। यदि भारत को उपमहाद्वीप में एक शुद्ध सुरक्षा प्रदाता और एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखनी है, तो उसे अपनी रक्षा खरीद प्रक्रियाओं में क्रांतिकारी बदलाव करने होंगे।घटती हुई स्क्वाड्रन संख्या और पड़ोसियों की बढ़ती ताकत के बीच का यह अंतर भारत को रक्षा खर्च बढ़ाने और त्वरित निर्णय लेने के लिए विवश करता है। हमें यह समझना होगा कि शांति की रक्षा केवल तभी की जा सकती है जब आप युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार हों। चीन और पाकिस्तान की इस जुगलबंदी का जवाब देने के लिए भारत को आर्थिक, कूटनीतिक और सैन्य मोर्चे पर एक नए विज़न की आवश्यकता है। समय तेजी से निकल रहा है, और आसमान में अपनी संप्रभुता को बनाए रखने के लिए नई दिल्ली को अब कड़े, त्वरित और दूरगामी फैसले लेने ही होंगे।

हालांकि स्थिति चिंताजनक है, लेकिन सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को तुरंत किसी घबराहट या पैनिक में आने की आवश्यकता नहीं है। किसी भी लड़ाकू विमान की क्षमता महज उसकी कागजी विशिष्टताओं या उसकी पीढ़ी से तय नहीं होती। युद्ध में सबसे महत्वपूर्ण होता है 'सिस्टम इंटीग्रेशन' । पाकिस्तान को चीन से विमान तो मिल सकते हैं, लेकिन उन्हें अपने मौजूदा पश्चिमी और चीनी रडार नेटवर्क, मिसाइल प्रणालियों और कमांड-एंड-कंट्रोल इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पूरी तरह से एकीकृत करने में वर्षों का समय लगेगा। चीनी तकनीक की विश्वसनीयता और वास्तविक युद्ध स्थितियों में उसका प्रदर्शन हमेशा से संदेह के घेरे में रहा है। इसके अतिरिक्त, वायु रक्षा केवल लड़ाकू विमानों के भरोसे नहीं लड़ी जाती। भारत ने हाल के वर्षों में अपनी जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियों को बेहद मजबूत किया है। रूस से मिली एस-400 ट्रिम्फ वायु रक्षा प्रणाली और भारत के अपने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन तथा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (द्वारा विकसित किए जा रहे आधुनिक एंटी-स्टेल्थ रडार नेटवर्क इस खतरे को काफी हद तक कम कर सकते हैं। एंटी-स्टेल्थ रडार कम तरंग दैर्ध्य का उपयोग करके स्टेल्थ विमानों की अदृश्यता को बेअसर करने की क्षमता रखते हैं।

डायनासोर के युग का मिला विशाल फंगस

चीन के युन्नान प्रांत के जंगलों में साइंटिस्ट्स ने एक विशालकाय फंगस की खोज की है। इसे डायनजुनस रेक्स या डी-रेक्स नाम दिया गया है, जो करीब साढ़े 6 करोड़ साल से छिपा हुआ था। इसकी ऊंचाई 50 सेंटीमीटर और वजन 2.2 किलोग्राम तक होता है। डीएनए एनालिसिस से पता चला है कि डायनासोर के खात्मे के ठीक बाद जंगलों में जमा हुई मृत लकड़ियों के बीच इसकी उत्पत्ति हुई थी। चीन के युन्नान प्रांत के घने जंगलों में साइंटिस्ट्स ने एक ऐसे विशालकाय फंगस की खोज की है, जो साढ़े 6 करोड़ साल से छिपा हुआ था। इस नई प्रजाति को डायनजुनस रेक्स या डी-रेक्स नाम दिया गया है। यह फंगस अपने विशाल आकार के चलते अब तक की हमारी वैज्ञानिक समझ को चुनौती देता है। इसके फ्रूटिंग बॉडीज यानी फलने वाले हिस्से सीधे खड़े होकर 50 सेंटीमीटर या 20 इंच तक ऊंचे हो सकते हैं। इनका वजन 2.2 किलोग्राम यानी करीब 4.9 पाउंड तक पहुंच जाता है। यह एस्कोमाइकोटा फाइलम के तहत अब तक पाया गया सबसे बड़ा फंगस है। डीएनए एनालिसिस से पता चला है कि इस अनोखे फंगस की उत्पत्ति धरती से डायनासोर के खात्मे के ठीक 10 लाख साल बाद हुई थी। कुनमिंग इंस्टीट्यूट ऑफ बॉटनी



के साइंटिस्ट्स ने दमाइदी और यिपिंगलांग के पास शीतोष्ण शंकुधारी जंगलों में फील्डवर्क किया था। इसके साथ ही नानबांग के पास ट्रॉपिकल रेनफॉरेस्ट में भी सैंपल की तलाश की गई। इसी दौरान टीम को सफेद रंग के बड़े फ्रूटिंग बॉडीज मिले जिन्हें स्ट्रोमाटा कहा जाता है। ये फंगस चाइनीज कॉर्क ओक के पेड़ों की लकड़ी वाली जड़ों पर उगे थे और राइजोस्फीयर से बाहर निकल रहे थे। स्कोमाइसेट्स फंगस का सबसे बड़ा ग्रुप है जिसमें 64 हजार से ज्यादा प्रजातियां शामिल हैं। इनमें आम मशरूम की तरह छतरी नहीं उगती है। इसके बजाय ये अपने फ्रूटिंग बॉडीज के अंदर या सतह पर बनी छोटी थैली जैसी संरचनाओं से स्पोर्स यानी बीजाणु छोड़ते हैं। साइंटिस्ट्स ने इन सैंपल्स को जमा करके इंस्टीट्यूट के कलेक्शन में रखा। इसके बाद फंगस की बनावट को समझने के लिए लैब में स्पोर्स उगाए गए और इसके पूरे जीनोम की सीक्वेंसिंग की गई। जीनोम और बनावट की स्टडी से कन्फर्म हुआ कि यह फंगस जाइलैरिएल्स ऑर्डर के अंदर एक नई प्रजाति और नया जीनस है. इतना ही नहीं, यह डायनजुनेसी नाम की एक बिल्कुल नई फंगल फैमिली का प्रतिनिधित्व करता है. यह अद्भुत प्रजाति एक नई फंगल फैमिली डायनजुनेसी को दर्शाती है और विशालकाय फंगस के विकास को समझने का दुर्लभ मौका देती है। यह खोज बताती है कि पूर्वी एशिया के जंगलों में अभी कितनी फंगल बायोडायवर्सिटी खोजी जानी बाकी है। साइंटिस्ट्स ने इसके शाही आकार और प्राचीन डायन साम्राज्य के नाम पर इसे डायनजुनस रेक्स नाम दिया है। डी-रेक्स का सबसे करीबी रिश्तेदार ग्राफोस्ट्रोमा प्लैटिस्टोमा है जो उत्तरी गोलार्ध में मृत लकड़ियों पर उगता है।

जाइलैरिएल्स ग्रुप के फंगस सेकेंडरी कंपाउंड्स और खास एंजाइम्स बनाने के लिए जाने जाते हैं। ये एंजाइम्स पौधों के जटिल मॉलिक्यूल्स को तोड़ने का काम करते हैं और इन्हीं की मदद से डी-रेक्स सूखी लकड़ियों को आसानी से पचा लेता है। साइंटिस्ट्स ने इस नई प्रजाति के डीएनए का मॉलिक्यूलर क्लॉक एनालिसिस किया और सैकड़ों अन्य फंगस के जीनोम से इसकी तुलना की। इससे पता चला कि डायनजुनेसी फैमिली की उत्पत्ति करीब 6.5 करोड़ साल पहले हुई थी। यह समय क्रेटेशियस-पैलियोजीन मास एक्सटिंक्शन की घटना के ठीक 10 लाख साल बाद का है।

इसी महाविनाश में धरती से डायनासोर और अनगिनत पेड़-पौधे खत्म हो गए थे। अब तक एस्कोमाइसेट ग्रुप के सबसे बड़े फंगस की ऊंचाई 20 से 30 सेंटीमीटर यानी 8 से 12 इंच तक ही दर्ज की गई थी। ऐसे में डी-रेक्स का 50 सेंटीमीटर तक बढ़ना साइंटिस्ट्स के लिए भी काफी अहम है। आसपास की वनस्पति और मलबे से ऊपर उठने वाला फ्रूटिंग बॉडी घने जंगलों में हवा के जरिए अपने स्पोर्स को बेहतर तरीके से फैला सकता है। हालांकि इतने बड़े स्ट्रक्चर को बनाने में काफी एनर्जी लगती है, जिससे लगता है कि यह रणनीति तभी विकसित हुई जब इसके इकोलॉजिकल फायदे इसकी लागत से ज्यादा रहे। रिसर्चर्स का अनुमान है कि सबट्रॉपिकल चीन के जंगलों में अभी कई और फंगस की खोज होगी। यहां का विविधता भरा माहौल और स्थिर जलवायु फंगस के विकास को बढ़ावा देते हैं। फील्ड सैंपलिंग की मुश्किलों और आर्थिक रूप से जरूरी फंगस पर ज्यादा ध्यान देने के कारण अब तक इन जंगलों की विविधता को कम आंका गया था।

रात में उतरेगा धरती पर सूरज, खिलेगी चटक धूप

धरती पर जिन इलाकों में अंधेरा हो, वहां रात में भी अगर रोशनी पहुंच जाए तो कैसा लगेगा। वैज्ञानिक इस दिशा में काम कर रहे हैं। अमेरिका और भारत की कंपनी ने मिलकर उसका रोडमैप तैयार कर लिया है। अब अंतरिक्ष से सीधी धूप की रोशनी उन इलाकों में पहुंचेगी, जहां वो दिखता तक नहीं। उनके अनुसार रात के अंधेरे में भी किसी शहर या इलाके को सूरज की रोशनी से रोशन किया जा सके। अमेरिका की एक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी इसी कल्पना को हकीकत में बदलने की तैयारी कर रही है। इस मिशन में भारत की निजी अंतरिक्ष कंपनी स्काई रूट एयरोस्पेस उसकी मदद करेगी। कैलिफोर्निया स्थित स्टार्टअप रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल अंतरिक्ष में बड़े आईने वाले उपग्रह भेजकर धरती के चुनिंदा हिस्सों तक सूरज की रोशनी पहुंचाना चाहता है। दोनों कंपनियों के बीच उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए समझौता हुआ है। इसके तहत दो उपग्रह स्काईरूट के विक्रम रॉकेटों की मदद से लॉन्च किए जाएंगे। रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल ऐसे उपग्रहों का समूह तैयार



कर रहा है, जिन पर विशेष दर्पण लगाए जाएंगे। ये आईने सूरज की रोशनी को रेफ्लेक्ट करके धरती के खास इलाकों तक पहुंचाएंगे। कंपनी का लक्ष्य एक समय में करीब पांच किलोमीटर के क्षेत्र को रोशन करना है। इस तकनीक के जरिए रोशनी की तीव्रता जरूरत के मुताबिक घटाई या बढ़ाई जा सकेगी। जरूरत खत्म होने पर इसे बंद भी किया जा सकेगा। अंतरिक्ष से धरती पर रोशनी पहुंचाने का विचार नया नहीं है। 1993 में रूसी वैज्ञानिकों ने जनामया प्रयोग के तहत अंतरिक्ष में एक बड़ा दर्पण स्थापित कर पृथ्वी पर सूर्य की रोशनी पहुंचाने का प्रयास किया था। हालांकि आर्थिक कारणों से इस परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जा सका। रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल की योजना को लेकर पर्यावरण संगठनों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि रात में कृत्रिम रोशनी बढ़ने से वन्यजीवों के व्यवहार, इंसानों की प्राकृतिक जैविक घड़ी और खगोलीय अनुसंधान पर बुरा असर पड़ सकता है।

कुछ संगठनों ने एफसीसी से परियोजना की मंजूरी वापस लेने की मांग भी की है। ऐसे में यह तकनीक भविष्य में रात के समय रोशनी की जरूरत पूरी करने का नया विकल्प बन सकती है, लेकिन इसके व्यावहारिक फायदे और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन करना अभी जरूरी होगा।

नशाखोरी पर अंकुश लगाना ही होगा

पंजाब में नशा विरोधी कार्यकर्ताओं की लगातार हो रही हत्याओं को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। मानसा में नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या के दो दिन बाद गुरदासपुर में 40 साल के बिक्रमजीत सिंह की हत्या ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर होती जा रही है। अब तो लोगों का भी मानना है कि पंजाब बहुत खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। लगातार हत्याएं हो रही हैं, थानों पर ग्रेनेड फेंके जा रहे हैं और सच उजागर करने वालों को गोली मारी जा रही है। यह मसला राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। भाजपा ने कहा कि पंजाब में नशे का संकट खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। उसके अनुसार परविंदर सिंह झोटा की हत्या के



ठीक दो दिन बाद गुरदासपुर में बिक्रमजीत सिंह की हत्या आप सरकार के तहत कानून-व्यवस्था के पूरी तरह ध्वस्त होने को दिखाती है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने इस इस मसले पर आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जब समाज में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को ही अपनी जान का डर सताने लगे, तो पंजाब किस दिशा में जा रहा है। उनके अनुसार पंजाब को ड्रग माफिया के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई और नागरिकों की सुरक्षा की जरूरत है। पंजाब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने भी नितिन नवीन की बात का समर्थन करते हुए कहा कि जब नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों को दिनदहाड़े गोलियों से भून दिया जा रहा है, तो यह सिर्फ पुलिसिंग की विफलता नहीं, बल्कि शासन के पूरी तरह फेल होने का संकेत है।

सीमावर्ती राज्य पंजाब में ड्रग माफिया, नशे का बढ़ता कारोबार और सरकार की इस पर नियंत्रण का मामला हमेशा से राजनीति की सुर्खियों में रहा है। कांग्रेस की सरकार रही हो या फिर आम आदमी पार्टी की, कोई भी सरकार ऐसे आरोपों से नहीं बची। विपक्ष ने इस मसले को सड़क से लेकर सदन तक पुरजोर तरीके से उठाया और जनता ने भी सड़कों पर उतर कर विरोध किया, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में कोई भी प्रयास बेमानी हो जाते हैं। ऐसे में नशा मुक्ति के मामले में सभी राजनीतिक दलों को बयानबाजी से बचकर सभी को एक साथ मिलकर काम करना होगा तभी पंजाब को नशामुक्त किया जा सकेगा। इसके कारोबार में सभी स्तरों पर शामिल अपराधी तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। राजनीतिक इच्छा शक्ति होनी नहीं, दिखनी भी चाहिए। यह किसी एक व्यक्ति या परिवार का मसला नहीं है। यह पूरे समाज और राज्य का मामला है। एक व्यक्ति नशाखोरी करता है तो पूरा परिवार प्रभावित होता है। इसलिए इस मसले की गंभीरता को समझते हुए शासन, सत्ता को नशे की रोकथाम के लिए करते हुए दिखना भी होगा। ड्रग माफिया और गैंगस्टरों को कुचलना होगा और उनके पीछे के हर राजनीतिक संरक्षण को उजागर करना होगा।

लघु कथा

दूसरा पुरस्कार

बस स्टैंड के विस्तृत परिसर में बसों की गुर्राहट, यात्रियों की चिल्लपों और वेंडरों की चीख-पुकार का समवेत गान किसी शोर की तरह गूंज रहा था। सुबह के दस बजे थे। डेगना बाई दीवार के सहारे अपनी रेहड़ी लगाए खड़ा था। रेहड़ी पर ताज़े सेब, केले, मौसंबी और अमरूद सजे थे। तभी मुख्य द्वार से हवलदार शंभू प्रवेश करते दिखे–हाथ में रुल और आँखों में लोमड़-सी कुटिल चमक। उन्हें देखते ही डेगना की नसों में भय बिच्छू की तरह सरसरा गया। रोज़ की तरह शंभू सबसे पहले मंगरू के ठेले पर रुके। मुट्ठी भर परवल और भिंडी उठाकर बेझिझक अपने झोले में डाल लिया। खाकी के रौब के सामने मंगरू की तिलमिलाहट खिसियानी हंसी बनकर फुस्स हो गई। आगे बढ़ते हुए शंभू ने झंटू और गोवर्धन की रेहड़ी से निमकी और अनरसे के पैकेट झोले में ठूँसते हुए कहा, 'बचवन लोग को मिठईया बहुते पसंद है!' दोनों बेबस वेंडर सूखी मुस्कान देने के सिवाय क्या करते? अब हवलदार की सवारी डेगना की ओर बढ़ी। डेगना का कलेजा धक-धक करने लगा। रोज़ डेढ़ सौ की लूट! ऊपर से माई के चश्मे और बबुआ की फीस की चिंता। शंभू ने जैसे ही सेब और मौसंबी उठाकर केले की ओर हाथ बढ़ाया, दूर से डरता आ रहा डेगना अचानक अप्रत्याशित रूप से निडर हो उठा। उसने हवलदार की कलाई कसकर पकड़ ली– 'बहुत नुकसान हो रहा सर, अब रहने दें! 'शंभू की आँखें गुस्से से फैल गईं। दो कौड़ी के वेंडर की यह हिम्मत! उन्होंने बिदककर डेगना के गाल पर चटाख़ से तमाचा जड़ दिया। लेकिन इस थप्पड़ ने डेगना के भीतर जमा बरसों के विद्रोह को भड़का दिया। उसने हवलदार को ज़मीन पर पटककर धुनाई शुरू कर दी। यह दृश्य देख अन्य वेंडरों का डर भी कपूर की तरह उड़ गया। शोषण से त्रस्त सभी वेंडर शंभू पर पिल पड़े। झंटू ने झोला छीनकर सभी का सामान लौटा दिया, जबकि कुछ उत्साही युवक वर्दी के इस हश्र का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर लाइव प्रसारित करने लगे।

मैसूरु सड़क हादसे में 4 की मौत, 20 से ज्यादा घायल



संचार जगत

मैसूर। कर्नाटक के मैसूर जिले के पिरियापटना तालुक में किर्नल गेट के पास एक प्राइवेट स्लीपर बस और एक ट्रक की आमने-सामने की टक्कर से भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में कम से कम चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा तड़के करीब 3:30 बजे हुआ, जब एक ट्रक पिरियापटना से मैसूरु की ओर जा रहा था और एक स्लीपर बस मैसूरु से केरल की ओर जा रही थी। टक्कर के बाद, स्थानीय लोग और वहां से गुजर रहे राहगीर पीड़ितों की मदद के लिए मौके पर पहुंचे। मृतकों के शवों को पिरियापटना के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जबकि घायलों को इलाज के लिए उसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। स्लीपर बस में कई यात्री सवार थे और जब यह हादसा हुआ, तब उनमें से ज्यादातर लोग सो रहे थे।

भगवंत सिंह मान ने मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई का किया वादा

संचार जगत



फिल्लौर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने दोहराया कि मादक पदार्थों का उन्मूलन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य पुलिस को बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की पूरी स्वतंत्रता है। भगवंत मान ने फिल्लौर स्थित पंजाब पुलिस अकादमी में राज्य के मादक पदार्थ विरोधी अभियान युद्ध नशीयन विरुद्ध की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रवर्तन प्रयासों को मजबूत करने के लिए पुलिस उपाधीक्षकों के लिए 117 नए वाहनों की मंजूरी की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मादक पदार्थ विरोधी अभियान को जन आंदोलन में बदलने का आह्वान किया और इस बात पर जोर दिया कि मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस कार्रवाई से नहीं जीती जा सकती, बल्कि इसके लिए हर परिवार, गांव और मोहल्ले की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने मादक पदार्थों के दुरुपयोग को एक गंभीर सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि यह पंजाब के युवाओं के भविष्य के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि सरकार मादक पदार्थों की समस्या के आपूर्ति और मांग दोनों पक्षों को लक्षित करते हुए एक व्यापक रणनीति अपना रही है। मान ने कहा कि नशीली दवाओं के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, इसे जन आंदोलन बनना होगा।

पंजाब में एक और नशा विरोधी कार्यकर्ता की हत्या

नितिन नवीन ने उठाई कार्रवाई की मांग

संचार जगत



चंडीगढ़। पंजाब में नशा विरोधी कार्यकर्ताओं की लगातार हो रही हत्याओं को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। मानसा में नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या के दो दिन बाद गुरदासपुर में 40 साल के बिक्रमजीत सिंह की हत्या ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पंजाब में नशे का संकट खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। परविंदर सिंह झोटा की हत्या के ठीक दो दिन बाद गुरदासपुर में बिक्रमजीत सिंह की हत्या आप सरकार के तहत कानून-व्यवस्था के पूरी तरह ध्वस्त होने को दिखाती है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब समाज में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को ही अपनी जान का डर सताने लगे, तो पंजाब किस दिशा में जा रहा है। पंजाब को ड्रग माफिया के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई और नागरिकों की सुरक्षा की जरूरत है।

अखिलेश यादव ने वन नेशन, वन इलेक्शन पर कसा तंज

संचार जगत



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के एसएसआर को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा के वन नेशन, वन इलेक्शन के विचार पर तंज कसते हुए कहा कि उसकी मंशा वन करप्शन, वन इलेक्शन जैसी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का पारंपरिक मतदाता वर्ग उससे दूर हो रहा है। उनके मुताबिक, महंगाई और भ्रष्टाचार से मध्यम वर्ग परेशान है, जबकि युवाओं और महिलाओं में भी सरकार के प्रति नाराजगी है। अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एसएसआर का उल्टा आरएसएस होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर मतदाता सूची में गड़बड़ी की साजिश कर रही है, क्योंकि उसे सीधे मुकाबले में अपनी हार का अंदेशा है। उन्होंने मांग की कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की पूरी प्रक्रिया एक ही पुनरीक्षण के दौरान पारदर्शी तरीके से पूरी की जाए।

रक्तदान शिविर आयोजित

संचार जगत

जयपुर। द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के जयपुर चैप्टर द्वारा अपना 51वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया।
इस अवसर पर झालाना डूंगरी स्थित जयपुर चैप्टर परिसर में जयपुर चैप्टर के चेयरमैन सीएस सुमित कुमार श्योराण ने कार्यक्रम में आए सदस्यों और अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर आयोजित रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच में मेंबर्स और विद्यार्थियों ने भारी संख्या में पहुंचकर बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर में उपस्थित लोगों ने हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी जरूरी स्वास्थ्य जांचों का भी लाभ उठाया।

नगर निगम ने अस्थायी अतिक्रमण हटाए

संचार जगत



जयपुर। नगर निगम जयपुर ने शहर में अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 6 कैंटर सामान जब्त किया है। निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार सतर्कता शाखा की टीम ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न इलाकों में अभियान चलाकर अस्थायी अतिक्रमण हटवाए। जब्त सामान को गोदाम में भिजवा दिया गया है। निगम की सतर्कता शाखा ने जेके लोन अस्पताल, एसएमएस अस्पताल, बांगड़ अस्पताल, गणेश मंदिर, एलबीएस कॉलेज, आदर्श बाजार, अंबाबाड़ी सब्जी मंडी, सेंट्रल स्पाइन विद्याधर नगर और 206 बीघा करधनी प्राइम कालवाड़ रोड सहित कई स्थानों पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर अस्थायी अतिक्रमण करने वालों का सामान जब्त किया गया और संबंधित स्थानों से अतिक्रमण हटवाए गए। सतर्कता टीम ने मौके पर मौजूद अतिक्रमण करने वालों को समझाइश दी और भविष्य में निर्धारित समय पर अतिक्रमण हटाने के लिए पाबंद किया। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि यदि क्षेत्र में दोबारा अवैध अतिक्रमण किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ भारी चालान सहित अन्य प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

हर महीने पुरस्कृत होंगे सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाने

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान के सभी पुलिस थानों में 31 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान थानों में व्यापक साफ-सफाई के साथ बुनियादी व्यवस्थाओं में भी सुधार किया जाएगा। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस थानों को जिला पुलिस, रेंज और पुलिस मुख्यालय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में शुक्रवार को नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई। इसमें महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

मुंबई में मिलेंगे रूबियो और जयशंकर

संचार जगत



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर 20 अक्तूबर को मुंबई में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ वार्ता करेंगे। वे अमेरिका की स्वतंत्रता के 250 वर्ष पूरे होने के समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर भी शामिल होंगे। इससे पहले 19 और 20 अक्तूबर को जयशंकर यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान की मेजबानी करेंगे। वहीं, अमेरिका में भारतीय समुदाय के खिलाफ घृणा अपराधों और नस्लीय भेदभाव पर भारत ने चिंता जताते हुए भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।वहीं, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान 19 और 20 अक्तूबर को मुंबई के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर उनकी मेजबानी करेंगे। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब जयशंकर 20 अक्तूबर को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ भी बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि पिछले करीब एक दशक से विदेशी नेताओं और मंत्रियों की मेजबानी दिल्ली से बाहर भी की जाती रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्पेन के प्रधानमंत्री की वडोदरा में, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की अहमदाबाद में और मॉरीशस के प्रधानमंत्री की वाराणसी में मेजबानी की थी। रणधीर जायसवाल ने अमेरिका के इलिनॉय राज्य के औरोरा में गोलीबारी के मामले पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत ने इस घटना के बाद अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कार्रवाई पर ध्यान दिया है।

वाणिज्यिक कर विभाग ने कई ठिकानों पर की कार्रवाई

संचार जगत

जयपुर। राज्य में कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने, राजस्व हितों की सुरक्षा तथा जीएसटी प्रावधानों की अनुपालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। विभागीय अधिकारियों ने 9 एवं 10 अक्टूबर को प्रदेश के जयपुर, अलवर, कोटा, हनुमानगढ़ एवं दौसा जिलों में विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सर्वे, निरीक्षण एवं तलाशी की कार्रवाई की। इन कार्रवाइयों में लगभग 3 करोड़ 15 लाख रुपये की संभावित कर अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच के दौरान संबंधित करदाताओं द्वारा लगभग 2 करोड़ 21 लाख रुपये स्वेच्छा से जमा कराए गए। विभिन्न प्रतिष्ठानों के स्टॉक, लेखा अभिलेखों एवं इनपुट टैक्स क्रेडिट की जांच की गई।

राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर लगाया देश में अराजकता फैलाने का आरोप

संचार जगत



लखनऊ । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का मकसद चुनाव सुधार या मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़ा नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर देश में अराजकता पैदा करना और सत्ता हासिल करना है। उन्होंने राहुल गांधी पर संविधान का हवाला देकर अराजकता फैलाने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के इतिहास और चुनाव आयोग को लेकर उसके रुख पर भी सवाल उठाए। राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी की राजनीतिक ताकत पर सवाल उठाते हुए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की कमजोर स्थिति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में 37 वर्षों से सत्ता से बाहर है। रक्षा मंत्री ने राहुल गांधी से सवाल किया कि क्या समाजवादी पार्टी के समर्थन के बिना कांग्रेस रायबरेली में अपनी सीट भी जीतने की क्षमता रखती है। लखनऊ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में रिजीम चेंज जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि विपक्ष की लड़ाई चुनाव सुधार, एसआईआर या मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरी कवायद के पीछे देश में अस्थिरता पैदा कर सत्ता हासिल करने की साजिश है। कांग्रेस और उसके सहयोगी देश के युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के बजाय उसे नकारात्मक गतिविधियों में लगा रहे हैं।

राज्य सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित

संचार जगत



जयपुर। सहकार आंदोलन को सशक्त बनाने तथा सहकारिता के लाभों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में शुक्रवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में राज्य सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में सहकार से समृद्धि योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा के साथ सहकारी संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण, डिजिटलाइजेशन, आधारभूत संरचना के विकास तथा विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के बीच समन्वय पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि किसानों के हितों को प्राथमिकता देना राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय रहा है। इसी दिशा में उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उपज की खरीद प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाबार्ड के माध्यम से ऋण प्रवाह की स्थिति की समीक्षा करने तथा किसानों को ऋण उपलब्ध कराने में आ रही समस्याओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। मुख्य सचिव ने डेयरी सहकारी समितियों के गठन की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत हुई कार्रवाई

संचार जगत



जयपुर। खाद्य सुरक्षा विभाग ने दीपावली पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत जांच अभियान तेज कर दिया है। केंद्रीय दल तथा जयपुर प्रथम एवं जयपुर द्वितीय की टीमों ने जयपुर शहर और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। केंद्रीय दल ने राजापार्क स्थित हरियाणा डेयरी के दो प्रतिष्ठानों तथा विवेकानंद कॉलोनी स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान 520 किलो पनीर मौके पर नष्ट करवाया गया। विवेकानंद कॉलोनी स्थित गोदाम में खाद्य लाइसेंस नहीं मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पनीर की आपूर्ति से संबंधित जानकारी में ग्रैंड उनियारा होटल, नीरोस रेस्टोरेंट, लेमन ट्री प्रीमियर बनीपार्क, कीलाइट होटल बाय लेमन ट्री, बुरडेरा होटल, जयपुरे, लॉर्ड्स इन जयपुर, द फर्न रेजिडेंसी राजापार्क, क्लार्क्स कलेक्शन एस्टर, श्री भोग, ला पिनोज पिज्जा, श्री माया, ढाबा डिलाइट और यू एंड मी सोया चाप सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों के नाम सामने आए हैं। जयपुर द्वितीय की टीम ने बस्सी के हीरावाला औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैसर्स त्रिशूल एंटरप्राइजेज का निरीक्षण किया। यहां साफ-सफाई की कमी पाई गई तथा खाद्य कर्मचारियों द्वारा कैप और एप्रन का उपयोग नहीं किया जा रहा था। इसके अलावा बसी स्थित मैसर्स रामेश्वर बूरा उद्योग से मिश्री, सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैसर्स तुलसी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड से व्हाइट ब्रेड एवं बॉम्बे पाव ब्रेड तथा हीरावाला औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैसर्स के.सी. एंड ब्रदर्स से नमकीन भुजिया और रिफाइंड पामोलीन तेल के नमूने जांच के लिए लिए गए।

असहमति और आंदोलन ही लोकतंत्र की ताकत: टीकाराम जूली



संचार जगत

जयपुर। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आजादी की लड़ाई के संघर्षों से तपकर निकली है। यह वह पार्टी है जिसने महात्मा गांधी के नेतृत्व में सत्याग्रह और अहिंसा के रास्ते पर चलकर अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी। जूली ने कहा कि भाजपा के नेता विपक्ष के आंदोलन को अराजकता बताकर असल मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहते हैं। कांग्रेस वोट चोरी के आरोपों और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सवालों पर जवाबदेही मांग रही है। सत्ता पक्ष को आलोचना से घबराने के बजाय सवालों का तथ्यात्मक जवाब देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष को रिजीम चेंज और रेजिस्टेंस जैसे शब्दों का अर्थ समझने की जरूरत है।

आरएएस अधिकारियों के हुए तबादले

संचार जगत

जयपुर। सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की एक नई तबादला सूची जारी की है। राज्य हित में तुरंत प्रभाव से किए गए इस फेरबदल में 8 आरएएस अधिकारियों को नवीन पदस्थापन दिया गया है, जबकि दो अधिकारियों को प्रशासनिक कारणों से एपीओ कर दिया गया है। सभी स्थानांतरित अधिकारियों को बिना किसी अवकाश या कार्यग्रहण काल का उपयोग किए तत्काल कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। पंचायतीराज चुनावों को देखते हुए सभी अधिकारी अपने वर्तमान पद से तत्काल कार्यमुक्त होंगे। संबंधित विभागाध्यक्षों और जिला कलक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नए रिलीवर का इंतजार किए बिना इन अधिकारियों को नए पद पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए तुरंत रवाना करें।

जवानों ने जोशीले कदमों से दर्शकों का दिल जीता



संचार जगत

जयपुर। सशस्त्र सीमा बल के कुल्लू स्थित शमशी प्रशिक्षण केंद्र में राजस्थान सशस्त्र कांस्टेबुलरी एवं मेवाड़ भील कोर के नव आरक्षियों की भव्य दीक्षांत परेड आयोजित हुई। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस राघवेंद्र सुहास ने परेड की सलामी ली। 472 कांस्टेबल्स की इस दीक्षांत परेड में आरएसी और एमबीसी के जवानों ने अपने जोशीले कदमों से राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के सैकड़ों दर्शकों का दिल जीत लिया। परेड के बाद नव आरक्षियों ने योगाभ्यास, दंगा नियंत्रण, जूडो और आतंक विरोधी कार्रवाई का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह में परेड कमांडर जयपाल सिंह चौहान के साथ सभी प्लाटून कमांडर, अनुदेशकों और विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। 472 जवानों की यह दीक्षांत परेड उनके कठोर प्रशिक्षण, अनुशासन और पुलिस सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक बनी।

बिजली तार चोर गिरोह के पांच आरोपी गिरफ्तार



संचार जगत

कोटा । किसानों की मेहनत पर पानी फेरने वाले बिजली तार चोर गिरोह पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कोटा ग्रामीण पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर 1200 किलो से ज्यादा बिजली का तार बरामद किया है। पुलिस का दावा है कि इस कार्रवाई से तार चोरी की 77 वारदातों का खुलासा हुआ है। कैथून, सीमलिया और देवली मांझी सहित कोटा ग्रामीण के कई थाना क्षेत्रों में खेतों में लगे बिजली के खंभों से तार चोरी होने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ सिंचाई में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। एसपी सुजीत शंकर के मुताबिक, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, टोल नाकों के रिकॉर्ड और संदिग्ध गतिविधियों की पड़ताल कर गिरोह तक पहुंचने की कोशिश की। कार्रवाई में वारदातों में इस्तेमाल वाहन भी जब्त किया गया है। अब पुलिस फरार आरोपियों की तलाश के साथ चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ कारोबारियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

बहू सरपंच की दावेदार ससुर ने जमीन दान दी

संचार जगत

बीकानेर। कोई गांव के युवाओं के लिए लाखों की जमीन दान करने का फैसला लिया तो कोई 7 साल तक बड़े सेक्टरों में नौकरी छोड़कर अपने माता-पिता के पास गांव लौट आ गया। बीकानेर जिले में दो अलग-अलग पहल गांव, परिवार और सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़ाव की मिसाल पेश कर रहे हैं। जिले के गाढवाला और गिराजसर की ये दो कहानियां लोगों को प्रेरित कर रही हैं। गाढवाला में भामाशाह भीराजराम मेघवाल ने स्टेडियम निर्माण के लिए करीब 6 बीघा जमीन देने का निर्णय लिया है तो वहीं गिराजसर के इंजीनियर फतेह राज सिंह भाटी नौकरी छोड़कर गांव लौटे हैं और अब जिला परिषद सदस्य का चुनाव लड़ रहे हैं। गाढवाला गांव में आयोजित ग्रामीणों की बैठक में भामाशाह भीराजराम मेघवाल ने स्टेडियम निर्माण के लिए करीब 6 बीघा कृषि भूमि दान करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों के अनुसार, लंबे समय से उपयुक्त जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण गांव में स्टेडियम बनाने की योजना आगे नहीं बढ़ पा रही थी। अब जमीन उपलब्ध होने की उम्मीद से गांव के युवाओं को खेल सुविधाएं मिलने का रास्ता खुल सकता है। ग्रामवासी हरि सारण ने बताया- गांव के विकास और युवाओं को खेलकूद के बेहतर अवसर देने के उद्देश्य से भीराजराम मेघवाल आगे आए हैं। बैठक में भंवरलाल गोदारा, मोहनलाल सारण, पूसाराम सारण, मूलाराम मेघवाल, जेठाराम सारण सहित गांव के पंच और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

अलवर में पैर फिसलने से पूर्व पार्षद की मौत

संचार जगत

अलवर। अलवर में पैर फिसलने से गिरने के बाद 95 वर्षीय नगर परिषद के पूर्व पार्षद शिवलाल मीणा की मौत हो गई। वे जनरल स्टोर की दुकान पर सामान लेने गए थे, तभी अचानक सामान लेते समय उनका पैर फिसल गया और उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। चोट के कारण ब्रेन हेमरेज होने से उनकी जान चली गई। घटना अलवर शहर के अरावली विहार थाना इलाके के विवेकानंद नगर में शुक्रवार सुबह की है। घटना के बाद आनन-फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार सुबह शिवलाल मीणा घर के पास ही एक जनरल स्टोर पर सामान लेने निकले थे। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर जा गिरे। गिरने से उनके सिर में गहरा घाव हो गया। परिजन उन्हें तुरंत सैटेलाइट अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें अलवर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पंचायत भवन के लिए भूमि दान की घोषणा

संचार जगत



सेड़वा। नवीन ग्राम पंचायत हनुमान नगर में ग्रामवासियों ने आपसी एकता और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए साजन राम कोली को सर्वसम्मति से निर्विरोध सरपंच घोषित किया। इस अवसर पर केवाराम देवासी ने ग्राम पंचायत भवन के निर्माण के लिए भूमि दान करने की घोषणा की, जिसे ग्राम विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। नवीन ग्राम पंचायत हनुमान नगर के लिए यह अवसर ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण रहा। ग्रामवासियों ने आपसी सहमति से नेतृत्व का चयन कर एकता, सामाजिक समरसता और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर केवाराम देवासी द्वारा पंचायत भवन निर्माण के लिए भूमि दान करने की घोषणा की गई। उनकी इस पहल से ग्राम पंचायत के आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह कदम जनसेवा और ग्राम विकास के प्रति समर्पण की भावना को भी दर्शाता है। ग्राम पंचायत के गठन और निर्विरोध सरपंच के चयन से ग्रामीणों में विकास की नई उम्मीद जगी है। ग्रामवासियों ने आशा जताई कि साजन राम कोली के नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, पेयजल, स्वच्छता सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

कांग्रेस ने दशहरा,गरबा का किया बहिष्कार

संचार जगत



अजमेर। अजमेर नगर निगम में समितियों के गठन और दशहरा महोत्सव में प्रतिनिधित्व को लेकर शुरू हुआ सियासी टकराव अब सड़क पर उतर आया है। कांग्रेस ने निगम के आधिकारिक दशहरा, गरबा और रावण दहन कार्यक्रमों का बहिष्कार कर गढ़वाल पैलेस में अलग से रावण दहन करने का ऐलान किया है। जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक के बाद शुक्रवार को कांग्रेस पार्षद दल ने निगम आयुक्त से मुलाकात कर विशेष साधारण सभा (स्पेशल जीसी) बुलाने की मांग उठाई। कांग्रेस का आरोप है कि दशहरा महोत्सव समिति में विपक्षी पार्षदों की अनदेखी की गई और उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ। वहीं, 40 पार्षदों के हस्ताक्षर वाला पत्र देने के बावजूद मेयर की ओर से सात दिन में जवाब नहीं मिलने पर अब आयुक्त से हस्तक्षेप की मांग की गई है। कांग्रेस पार्षद द्रौपदी कोली ने कहा कि पार्षदों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा होने तक निगम के कार्यक्रमों का बहिष्कार जारी रहेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में लिए गए फैसले के अनुसार कांग्रेस पार्षद निगम के दशहरा, गरबा और रावण दहन कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे। पार्टी अपने बैनर तले गढ़वाल पैलेस में अलग रावण दहन आयोजित करेगी। कांग्रेस ने इसे निगम में कथित तानाशाही और पार्षदों की अनदेखी के खिलाफ विरोध बताया है।

पहली साधारण सभा के बाद बढ़ा विवाद

नगर निगम की पहली साधारण सभा में समितियों के गठन और दशहरा आयोजन में प्रतिनिधित्व को लेकर दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। कांग्रेस पार्षदों का आरोप है कि दशहरा महोत्सव समिति में विपक्ष को नजरअंदाज किया गया और उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ। इसी के विरोध में विशेष साधारण सभा बुलाने की मांग की गई।

निगम एक्ट से चलेगा, मनमर्जी से नहीं

कांग्रेस नेता नौरत गुर्जर ने कहा कि विशेष साधारण सभा बुलाने के लिए 40 पार्षदों के हस्ताक्षर के साथ मेयर को पत्र दिया गया था। सात दिन बीतने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद कांग्रेस पार्षदों ने आयुक्त से मिलकर विशेष सभा बुलाने की मांग की। गुर्जर ने कहा कि अजमेर शहर और नगर निगम संविधान व पालिका एक्ट के अनुसार चलेंगे, किसी की मनमर्जी से नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ मर्यादा पुरुषोत्तम राम की बात की जाती है, दूसरी तरफ पार्षदों के साथ भेदभाव और बदतमीजी की जा रही है। उन्होंने कहा कि आयुक्त ने लीगल सेल से राय लेकर जल्द निर्णय लेने का भरोसा दिया है।


हंगामेदार रही नगर निगम की पहली बैठक

संचार जगत



बीकानेर। बीकानेर नगर निगम के नवनिर्वाचित बोर्ड की पहली साधारण बैठक आज निगम के सभा हाल में हुई तो पक्ष और विपक्ष शुरू से अंत तक आमने-सामने रहे। राष्ट्रगान के साथ जैसे ही सभा शुरू हुई, वैसे ही भाजपा पार्षदों ने पूरा राष्ट्रगान नहीं गाने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। इसके बाद हर मुद्दे पर कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने रही। मेयर सीट पर बैठे अनिल कल्ला और डिप्टी मेयर सीट पर बैठे पंकज गहलोत ने हर बार पार्षदों को समझाने और सीट पर खड़े होकर ही अपनी बात कहने की समझाइश की लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं हुआ। विपक्ष के पार्षदों ने मेयर को शहर की सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन को लेकर घेर लिया। पार्षदों ने कहा कि सफाई के साथ लाइट, सीवरेज और सफाई कर्मचारियों के मुद्दे पर निगम प्रशासन कोई काम नहीं कर रहा है। मेयर अनिल कल्ला ने अधिकारियों को दीपावली से पहले सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। दोपहर 12 बजे शुरू होने वाली साधारण सभा मेयर अनिल कल्ला और डिप्टी मेयर पंकज गहलोत को विरोध कर रहे पार्षदों को समझाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

देवनानी ने त्रिपुरा सुंदरी के किए दर्शन



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर पहुंचकर मां त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन किए तथा विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

स्मैक तस्कर की 1.58 करोड़ की अवैध संपत्ति फ्रीज

संचार जगत



जोधपुर। ग्रामीण पुलिस ने मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक स्मैक तस्कर की करीब 1 करोड़ 58 लाख रुपए की अवैध चल-अचल संपत्ति को फ्रीज कर दिया। महानिरीक्षक पुलिस रेंज जोधपुर और जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण पंकज यादव के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई है। पुलिस थाना भोपालगढ़ में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में आरोपी भागीरथ राम उर्फ भगाराम और उसकी पत्नी बेबी के नाम से अवैध तस्करी के पैसों से खरीदी गई संपत्तियों की वित्तीय जांच की गई थी। जांच में सामने आया कि आरोपी ने स्मैक की तस्करी से एक बोलेरो कैम्पर वाहन, ग्राम अरटिया कला में 0.6 हेक्टेयर जमीन और 10 दुकानें, जोधपुर शहर में एक मकान व प्लॉट और ग्राम झालामलिया में स्थित मकान खरीदा था। इन सभी संपत्तियों को केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग के सक्षम प्राधिकारी व प्रशासक, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-ख(2) के तहत फ्रीज किया गया है। मुख्य आरोपी भागीरथ राम के खिलाफ पहले से ही एनडीपीएस एक्ट के 6 मामले दर्ज हैं। ग्रामीण स्कपंकज यादव ने कहा- नशे के सौदागरों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

फलोदी बोरवेल हादसा

640 फीट की गहराई में अटके 9 साल के भोमाराम का रेस्क्यू जारी

देसी जुगाड़ से निकालने की कोशिश

संचार जगत



जोधपुर। राजस्थान के फलोदी जिले की पूनिया की ढाणी में बोरवेल में गिरे 9 वर्षीय भोमाराम को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे भोमाराम 1050 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया था और फिलहाल वह 640 फीट की गहराई में अटका हुआ है। शुक्रवार सुबह बोरवेल में डाले गए कैमरे में बच्चे का मूवमेंट दिखना बंद हो गया है, क्योंकि कैमरा करीब 30 फीट की गहराई पर जाकर फंस गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बोरवेल से रेस्क्यू करने वाले देसी एक्सपर्ट मादाराम और उनकी टीम मौके पर पहुंच चुकी है। लोहे के सरियों का जाल बनाकर और देसी जुगाड़ के जरिए बच्चे को बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं, हालांकि पत्थर और रुकावटों की वजह से शुरुआती देसी जुगाड़ के प्रयास अभी सफल नहीं हो सके हैं। कैमरे की मदद से पत्थर की स्थिति देखकर दूसरा नया जुगाड़ तैयार किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वहीं दूसरी ओर, बच्चे के चाचा सावताराम और परिवार के अन्य सदस्यों सहित समाज के लोग कल से भूखे-प्यासे बोरवेल के पास बैठे हैं और प्रशासन से लगातार बातचीत कर रहे हैं।

महिला का अश्लील वीडियो बनाकर किया रेप

सीकर(संचार जगत)। सीकर जिले में 27 साल की महिला के साथ रेप का मामला सामने आया है। महिला ने गांव के ही एक युवक पर ब्लैकमेल कर रेप करने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि युवक ने उसके अश्लील वीडियो बना लिए थे। इसके बाद से वीडियो को वायरल करने की धमकी दे रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही रहने वाले एक युवक ने उसका चोरी-छिपे अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपी ने वीडियो दिखाकर उसे ब्लैकमेल किया। वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देकर रेप किया।

थार के डैशबोर्ड से देशी पिस्टल व 5 कारतूस बरामद, दो गिरफ्तार

संचार जगत

जोधपुर। आगामी पंचायती राज चुनावों को देखते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने अवैध हथियार तस्करों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने बालेसर थाना क्षेत्र से एक थार गाड़ी से अवैध देशी पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गिरधारीराम पुत्र राजूराम जाट, निवासी रामनगर उटाम्बर थाना बालेसर और गणपतराम पुत्र भूराराम जाट, निवासी बलाऊ जाटी थाना मंडली के तौर पर हुई। गिरफ्तार गिरधारी राम के खिलाफ पूर्व में हत्या सहित 4 संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपियों के खिलाफ बालेसर थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।



गुजरात नंबर थार में चला रहे थे बदमाश

डीएसटी प्रभारी शंकर कड़वा ने बताया कि 16 अक्टूबर को कांस्टेबल चतुराराम की सूचना पर रामनगर से चांचलवा जाने वाले कच्चे रास्ते पर नाकेबंदी की गई थी। इस दौरान गुजरात नंबर की काले रंग की थार गाड़ी को रुकवाकर तलाशी ली गई। जिसमें गाड़ी से 1 देशी पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने हथियार और थार गाड़ी को जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

कॉपर कॉइल चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



संचार जगत

भिवाड़ी । राजस्थान के भिवाड़ी में पुलिस ने एक निजी कंपनी से 1.50 करोड़ रुपए के तांबे के कॉइल चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी सुरक्षा एजेंसी के गार्ड के साथ मिलकर नशीला पदार्थ पिलाकर गोदाम से माल चोरी करने में शामिल थे। थानाधिकारी सचिन शर्मा ने बताया कि गोदाम इंचार्ज महेश चंद्र शर्मा की शिकायत पर थाना भिवाड़ी में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज जांचें, मुखबिरों से जानकारी ली, साइबर टीम की मदद ली और अन्य चोरी के मामलों में गिरफ्तार मुल्जिमों से पूछताछ की। जांच के बाद आरोपी साहिद और सलमान को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी चोरी के माल को नोएडा में अज्ञात कबाड़ी को बेचकर मिले पैसे से ऐशो-आराम और नशे में खर्च करते थे। पुलिस के अनुसार, ये दोनों आदतन अपराधी हैं और कंपनियों के नशा करने वाले गार्ड और वर्करों को लालच देकर कॉपर चोरी की वारदातें करवाते थे।

कलेक्टर ने किया जल संचय अभियान का निरीक्षण



संचार जगत

टोंक। टोंक जिले में प्रशासनिक सक्रियता और जनसेवा से जुड़ी गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ ली है। जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण के लिए जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत प्रशासनिक अमला और जनप्रतिनिधि सड़कों पर उतरे। अधिकारियों ने फसलों की सिंचाई को सुगम बनाने के लिए जिलेभर की नहरों की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। इस मौके पर राष्ट्रीय डाक सप्ताह के उपलक्ष्य में डाक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें नई योजनाओं पर चर्चा की गई और इस दिशा में बेहतरीन कार्य करने वाले डाककर्मियों को सम्मानित किया गया।

रमेश शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया



संचार जगत

जयपुर। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी सेवाओं को सरलता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्यभर में सेवा सेतु अभियान संचालित किया है जो आम नागरिकों के लिए राहत का बड़ा माध्यम बन रहा है। ऐसी ही राहत ब्यावर के रमेश शर्मा को मिली है जो पहले ब्यावर शहर के डिग्गी मोहल्ला में अपनी मां के साथ रहते थे, अब वे अजमेर रोड स्थित हंस नगर में निवास करते हैं। उनकी माता चमेली देवी पत्नी लक्ष्मीनारायण शर्मा का निधन 1970 में हो गया था। अब 56 साल बाद रमेश को अपनी मां के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ी। उसे लगा कि इसके लिए बहुत जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा लेकिन वह गत दिनों नगर परिषद ब्यावर में आयोजित सेवा सेतु अभियान के कैम्प में पहुंचा तो उसे 1 घंटे में ही मां का मृत्यु प्रमाण पत्र मिल गया। इतनी जल्दी इतना पुराना कार्य होने पर रमेश शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया।

वोट देने से मना करने पर दो भाइयों पर हमला

अलवर(संचार जगत)। खैरथल-तिजारा जिले के टपूकड़ा थाना क्षेत्र में दो भाइयों से मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों भाइयों ने प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने से मना कर दिया तो उनके साथ जमकर मारपीट की गई। एक भाई को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने दो सगे भाइयों पर उनके प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने का दबाव बना रहे थे, लेकिन दोनों भाइयों ने वोट डालने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि वे अपनी मर्जी और स्वतंत्र होकर वोट डालेंगे। इस पर आरोपी भड़क गए और उन पर हमला कर दिया। दोनों के भाइयों के साथ लोहे के सरियों व कांच की बोतल से हमला कर दिया।

अंतिम टी20 : भारत-कैरेबियाई टीम में कांटे की टक्कर आज

पांच मैचों की सीरीज अभी 2-2 से बराबरी पर
सीरीज जीतने बल्लेबाजों को दिखाना होगा दमखम

नई दिल्ली/संचार जगत

वेस्टइंडीज के खिलाफ निर्णायक पांचवें टी20 मैच के साथ श्रृंखला जीतने के लिए भारत को अपनी बल्लेबाजी की कमियों से पार पाते हुए बेहतर प्रदर्शन करना होगा चूंकि कैरेबियाई टीम ने अब तक मेजबान को कांटे की टक्कर दी है। श्रृंखला अभी 2-2 से बराबरी पर है। भारत के लिए समस्या शीर्ष क्रम से शुरू होती है। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने अभी तक तीन अर्धशतक जमाए हैं लेकिन सलामी जोड़ी के रूप में उनका योगदान 29, 42, 7 और 60 रहा है।

श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं

श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं है लेकिन अनुभवी और आक्रामक विरोधी टीम के सामने उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल जरूर उठ सकते हैं। तीसरे नंबर पर ईशान ने 43, 37 और छह रन बनाए हैं। वहीं धीर की पारियां 4, 10 और 0 की रही है। तिलक वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी भी हैदराबाद में 12-1 से 14-4 ओवर के बीच कोई चौका नहीं लगा सके और 248 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम नाकाम रही।

बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच

चिन्नास्वामी स्टेडियम की सपाट पिच बल्लेबाजों की ऐशगाह मानी जाती है। इस मैदान पर हालांकि अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेली गई है। कुछ आईपीएल मैचों के अलावा यहां बड़े मैच भी नहीं खेले गए। ऐसे में भारत स्पिनर कुलदीप यादव को फिर टीम में ला सकता है।



कुलदीप की टीम में वापसी

तीसरे और चौथे मैच में बाहर रहे कुलदीप का अनुभव टीम के लिए कारगर साबित हो सकता है। वहीं पिछले मैच में कंधे की चोट का शिकार हुए अर्शदीप सिंह की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की टीम में वापसी हुई है। प्रिंस यादव, मयंक यादव, धीर और रेड्डी कैरेबियाई बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके हैं । लिहाजा ऐसे में भुवनेश्वर का अनुभव काफी कारगर साबित होगा।

शानदार फार्म में होप और रदरफोर्ड

वेस्टइंडीज के लिए कप्तान शाई होप और शेरफान रदरफोर्ड 261 और 221 रन बना चुके हैं और श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शीर्ष दो स्थानों पर हैं। भारत को इन दोनों को जल्दी आउट करना होगा जैसा इंदौर में तीसरे टी20 के दौरान किया था।
मैच का समय : शाम 7:00 बजे

वुहान ओपन : कर्तल ने किया उलटफेर
स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं

नई दिल्ली/संचार जगत

ब्रिटेन की सोने कर्तल ने वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर 6 एलिना स्वितोलिना के खिलाफ 6-2, 2-6, 6-4 से जीत दर्ज की। इस बड़े उलटफेर के साथ कर्तल पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। 2 घंटे और 3 मिनट तक चले इस कड़े मुकाबले में, कर्तल ने पहला सेट आसानी से जीता था, लेकिन दूसरा सेट हार गईं। इसके बाद तीसरे सेट में उन्होंने बढ़त बनाई और जीत हासिल करते हुए सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। सेमीफाइनल में अब कर्तल का सामना ओस्टापेंको से होगा। सोने कर्तल पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रही थीं। यह उनका तीसरा टूर्नामेंट है, जिसमें उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। साल 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 फॉर्मेट शुरू होने के बाद से, जोहाना कोंटा के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली वह दूसरी ब्रिटिश खिलाड़ी बन गई हैं।



चोट के कारण खेल से दूर रहीं कर्तल

सोने कर्तल पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रही थीं। यह उनका तीसरा टूर्नामेंट है, जिसमें उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। साल 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 फॉर्मेट शुरू होने के बाद से, जोहाना कोंटा के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली वह दूसरी ब्रिटिश खिलाड़ी बन गई हैं।

एशियन स्विंग में सोने का बेहतरीन प्रदर्शन

इससे पहले 44वें नंबर पर रहीं कर्तल ने पिछले हफ्ते चाइना ओपन में तीसरे राउंड तक जगह बनाई थी। उन्होंने वुहान में एशियन स्विंग के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहले राउंड में उन्होंने वर्ल्ड नंबर 48 खिलाड़ी एंहेलिना कलिनिना को हराया और फिर 'राउंड ऑफ 32' में 12वें नंबर की बेलिंडा बेनसिच को मात दी। इसके बाद, उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में पूर्व फ्रेंच ओपन और विंबलडन फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी को हराया। इस ब्रिटिश खिलाड़ी ने चार बार की ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट स्वितोलिना को भी हरा दिया। दोनों के बीच अब तक हुए तीन मुकाबलों में यह उनकी पहली जीत है।

स्वितोलिना एक बेहतरीन फाइटर : सोने कर्तल

सोने कर्तल ने कहा, पहला सेट आसानी से जीतने के बावजूद, मुझे पता था कि स्वितोलिना एक बेहतरीन फाइटर हैं। इसलिए मुझे पता था कि जब तक आखिरी प्वाइंट नहीं खेला जाता, तब तक मैं सुरक्षित नहीं हूं। मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि मैंने इस मैच में कितना दृढ़ संकल्प दिखाया। मुझे लगता है कि पूरे मैच के दौरान मैंने बहुत संयम बनाए रखा। इस हफ्ते मैं एक नया मुकाम हासिल कर रही हूं। मैं पहले कभी डब्ल्यूटीए 1000 के सेमीफाइनल में नहीं पहुंची थी।


जेलेना की सेमीफाइनल में एंट्री

जेलेना ओस्टापेंको ने डोंगफेंग वोया सेंटर कोर्ट में वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में डायना श्नाइडर को 7-6 (6), 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। ओस्टापेंको को एक्शन से भरे पहले सेट में दो सेट पॉइंट बचाने पड़े और दूसरे सेट में 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर एक घंटे 37 मिनट में जीत दर्ज करने से पहले ब्रेक डाउन से उबरना पड़ा। दोहा में आखिरी चार में पहुंचने के बाद, यह 2026 में डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में उनका दूसरा सेमीफाइनल है। 2017 के बाद वुहान में यह उनका दूसरा सेमीफाइनल भी है। लातविया की गैरवरीयता प्राप्त स्टार पहले सेट में 2-5 से पीछे थीं, क्योंकि उन्होंने एक महत्वपूर्ण छठे गेम में अपनी सर्व गंवा दी थी। उन्होंने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए स्कोर 3-5 किया, लेकिन उन्हें श्नाइडर की सर्विस तोड़नी पड़ी।




प्रियंका को मिला 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा जोनस को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया है। लॉस एंजिल्स में आयोजित तीसरे सालाना 'इनस्टाइल इमेजमेकर अवॉर्ड्स' में प्रियंका को 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान दिया गया. यह सम्मान मनोरंजन जगत में उनके योगदान के साथ-साथ महिलाओं के लिए नए अवसर बनाने और अलग-अलग आवाजों को मंच देने की दिशा में उनके काम को पहचान देता है। इस मौके पर अभिनेता मेगन सूरी, अवंतिका वंदनापु और अमिता राव ने प्रियंका को यह सम्मान प्रदान किया। भारतीय सिनेमा से अपने करियर की शुरुआत करने वाली प्रियंका ने हॉलीवुड में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। अभिनय के अलावा वह निर्माता और उद्यमी के रूप में भी सक्रिय हैं। उनके प्रोडक्शन हाउस 'पर्पल पेबल पिक्चर्स' के जरिए अलग तरह की कहानियों और नए कलाकारों को सामने लाने की कोशिश की जाती रही है। प्रियंका का अंतरराष्ट्रीय करियर केवल फिल्मों तक सीमित नहीं रहा है। वह फैशन और मनोरंजन से जुड़ी चर्चाओं में भी लगातार मौजूद रहती हैं। 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान इसी व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है, खासकर ऐसे समय में जब हॉलीवुड में प्रतिनिधित्व और महिलाओं के लिए समान अवसरों को लेकर चर्चा जारी है।



गरीबी में मिला दोस्ती का तोहफा
मगर अमीरी देगी खतरों को न्यौता

मुंबई। वेबसीरीज 'चार यार' का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस सीरीज में एक्शन, थ्रिल और दोस्ती को मिलेगी। इसमें पूरव झा, नमन जैन, साकिब अयूब और प्रयाग मेहता नजर आ रहे हैं अहम किरादारों में नजर आ रहे हैं। यह सीरीज 23 अक्टूबर को अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। वेबसीरीज 'चार यार की शुरुआत होती है मिडिल क्लास परिवारों के चार लड़कों से। यह सभी परिवारिक अर्थिक स्थिति से परेशान हैं। मगर इन सभी के जीवन में एक मोड़ आता है जिसके बाद चार जिंदगियां हमेशा के लिए बदल जाती हैं। यह चारों दोस्त गरीबी से निजात पाने के लिए चोरी का प्लान बनाते हैं। गलती से यह चारों एक महंगी और एंटीक गाड़ी चुरा लेते हैं और छुपा देते हैं। इसके बाद पुलिस थानों से लेकर गाड़ी चोरी करने वाले बड़े सरगनाओं तक यह बात फैल जाती है। सभी लोग इन्हें ढूंढने की कोशिशों में लग जाते हैं।



15 साल बाद आएगा द डर्टी
पिक्चर का सीक्वल

मुंबई। साल 2011 में आई फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' को लोगों ने काफी पसंद किया था। मिलन लुथरिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म सिल्क स्मिता की जिंदगी पर आधारित थी। इसमें विद्या बालन ने लीड रोल प्ले किया था। वहीं, उनके साथ नसीरुद्दीन शाह, इमरान हाशमी और तुषार कपूर भी नजर आए थे। अब फिल्म की निर्माता एकता कपूर ने हाल ही में इसके सीक्वल को लेकर बात की और बताया कि वह जल्द ही 'द डर्टी पिक्चर 2' लेकर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने फिल्म की कहानी से जुड़ा भी अपडेट शेयर किया। एकता ने कहा कि वह काफी समय से फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' के सीक्वल के बारे में सोच रही थीं। अब उन्हें ऐसी कहानी मिल गई है, जिसे वह दर्शकों को सुनाना चाहती हैं। निर्माता ने यह भी बताया कि पहली फिल्म की तरह नई फिल्म भी किसी एक व्यक्ति की जिंदगी पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



अंदर के रावण से लड़ने के लिए मनीष-समीक्षा ने लिया प्रण

मुंबई। रावण सिर्फ रामायण का एक पात्र नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के भीतर छिपा एक अवगुण भी है। कभी अहंकार के रूप में तो कभी आत्मविश्वास की कमी के रूप में। हर साल दशहरा के मौके पर रावण दहन अपने अंदर झांकने और मन में छिपे दुर्गुणों से लड़ने की भी प्रेरणा देता है। हर इंसान के भीतर अच्छाई के राम और कमजोरियों के रावण के बीच एक युद्ध चलता रहता है। धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर में भीष्म पितामह की भूमिका निभाने वाले अभिनेता मनीष वाधवा कहते हैं, इंसान को बुराइयों का पुतला कहा गया है और मैं भी अलग नहीं हूं। हर इंसान में गुस्सा, अहंकार, ईर्ष्या, निंदा और लालच जैसी बहुत सारी बुराइयां भरी होती हैं। एक बार कुछ गलत होने पर कोशिश होती है कि दोबारा ऐसा न करूं। हम इंसान हैं भगवान नहीं तो कुछ गलतियां बार-बार होती रहती हैं। हम हर साल दशहरा के मौके पर जो रावण को जलता हुआ, रावण पर राम की विजय को देखते हैं, वो बार-बार यही दर्शाता है कि हमें हर बार अपने अंदर के उन रावण रूपी बुराइयों को मारना होगा। धारावाहिक अप्सरा में सुनहरी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री समीक्षा जायसवाल कहती हैं, 'मेरे लिए दशहरा उम्मीद और साहस का त्योहार है। यह याद दिलाता है कि बुराई कितनी भी ताकतवर क्यों न लगे, उसके सामने खड़े होने का हौसला रखना चाहिए। मां दुर्गा की शक्ति और दूसरों की रक्षा करने का भाव मुझे हमेशा प्रेरित करता है।' समीक्षा ने आगे बताया, "किसी नए चुनौतीपूर्ण काम की शुरुआत से पहले कभी-कभी मुझे अपनी क्षमताओं पर संदेह होता था।

38 साल से हर संडे गूंज रही सुरों की 'रंगोली'

नई दिल्ली। जब देश में मनोरंजन के ज्यादा साधन नहीं थे, तब दूरदर्शन आया और इतने यादगार सीरियल्स और शोज दिए कि उसने घर-घर में लोगों को टीवी खरीदने पर मजबूर कर दिया। एक ऐसा ही शो 1988 में शुरू हुआ था। हिंदी सिनेमा की 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी ने इस शो की शुरुआत की थी और टीवी पर यह इतना बड़ा हिट हुआ कि लोग हर रविवार को सुबह 8 बजे टीवी के सामने बैठकर इस शो का आनंद लेने पर मजबूर हो गए। 'रंगोली' एक म्यूजिकल शो था जो 1988 में दूरदर्शन पर शुरू हुआ था। शो का फॉर्मेट ऐसा था कि हर हफ्ते नया थीम होता था और किसी फिल्मी सितारे या गायक-गायिका के बारे में बताया जाता था और उनसे जुड़े सदाबहार गानों को दिखाया जाता था। यह म्यूजिकल शो हर सुबह की शुरुआत मनोरंजन से करता था। यह शो 80 और 90 के दशक में सबसे ज्यादा हिट रहा। सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी इसने खूब सफलता हासिल की। इसे सबसे ज्यादा लोकप्रियता मिडिल ईस्ट और यूनाइटेड स्टेट्स में मिली थी।



भक्ति में लीन काजोल, मां और बहन के साथ पहुंचीं माता रानी के दरबार

मुंबई। मुखर्जी परिवार हर साल दुर्गा पूजा का उत्सव धूमधाम से सेलिब्रेट करता है। अयान मुखर्जी से लेकर रानी मुखर्जी, काजोल, तनुजा समेत तमाम सितारे पंडाल में पहुंचते हैं और मां की भक्ति-पूजा में लीन रहते हैं। इस साल भी भव्य आयोजन हुआ है। बीते दिन काजोल वहां पहुंचीं। उन्होंने कुछ तस्वीरें साझा की हैं। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने दुर्गा पूजा पंडाल से तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'आज का दिन पूरी तरह से मां के विभिन्न रूपों को समर्पित रहा। एक मां के रूप में, एक बेटी के रूप में, एक रक्षक के रूप में और एक देवी के रूप में'। काजोल ने आगे लिखा है, 'जय मां दुर्गा। उत्साह के साथ जश्न शुरू हो चुका है'। काजोल लाल रंग की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके साथ उनकी मां और दिग्गज अभिनेत्री तनुजा भी हैं। 83 वर्षीय तनुजा अपनी दोनों बेटियों-काजोल और तनीषा के साथ पोज देती दिख रही हैं। अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पूजा की तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'साल के सबसे पसंदीदा वक्त की शुरुआत हो चुकी है। मां आ गई हैं। दुर्गा मां की जय हो'। तस्वीरों में चर्चित निर्देशक अयान मुखर्जी भी नजर आ रहे हैं। बता दें कि अयान, काजोल के चचेरे भाई हैं। काजोल और तनीषा माता रानी के भक्ति गीतों पर थिरकती नजर आईं।



पर्दे की असली 'देवी', भजन गाकर लोग करते थे पूजा

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में पर्दे पर कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जिन्होंने अपने किरदारों से दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई है। इनमें से एक एक्ट्रेस ऐसी रहीं, जो पर्दे पर मां के किरदारों में खूब पसंद की गईं। हालांकि मां से पहले एक दौर ऐसा था, जब उन्हें लोग सच में देवी समझने लगे थे।

कौन थी वो अभिनेत्री?

जिस अभिनेत्री के नाम का जिक्र हम कर रहे हैं, उनका नाम है निरूपा रॉय। सिनेमा में भी पर्दे की दमदार मां के किरदार का जिक्र होता है निरूपा रॉय का नाम हमेशा सामने आता है। उन्होंने पर्दे पर कई किरदार निभाए। उनकी पुण्यतिथि के मौके पर आइए जानते हैं, उनसे जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा। निरूपा रॉय का जन्म 4 जनवरी 1931 को गुजरात में हुआ था। निरूपा रॉय जब 15 साल की थीं, तभी उनके पिता ने उनकी शादी कर दी। तब ऐसा होता था कि, जल्दी ही शादी कर दी जाती थी और निरूपा रॉय के साथ भी यही हुआ। शादी के बाद निरूपा रॉय ने फिल्मों में एंट्री की। जब वह फिल्मों में आईं तब उनका नाम कांता चौहान था। शादी के बाद उनके पति ने गुजराती फिल्मों के एक ऑडिशन का विज्ञापन देखा। निरूपा रॉय के पति कमल खुद एक्टर बनना चाहते थे, इसलिए ऑडिशन देने गए। लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था, डायरेक्टर ने पति की जगह 16 साल की कांता को चुन लिया। फिर कांता चौहान निरूपा रॉय बन गईं और फिल्मों में आ गईं।



धार्मिक फिल्मों का था चलन

निरूपा रॉय जब फिल्मों में आईं थीं, तो उस दौर में सिनेमा में धार्मिक फिल्मों का चलन ज्यादा था। ज्यादातर फिल्ममेकर धार्मिक फिल्में बनाते थे और निरूपा रॉय की किस्मत भी इन्हीं फिल्मों से खुली। हालांकि निरूपा रॉय के करियर को ब्रेक एक गुजराती फिल्म से मिला था। फिल्मों की शुरुआत में निरूपा रॉय ने धार्मिक फिल्मों में काम किया। 1940 और 50 के दशक में उन्होंने त्रिलोक कपूर के साथ लगभग 16 से 18 धार्मिक फिल्मों में काम किया।

लोग सच में देवी ही मानने लगे थे

इन फिल्मों में वह देवी के रूप में नजर आईं। हैरानी की बात तो यह थी कि उन्हें लोग सच में देवी ही मानने लगे थे। लोग उन्हें जहां देखते, भजन गाना शुरू कर देते और उनके पैरों में पड़ जाते थे। हर-हर महादेव, राम जन्म, दुर्गा पूजा, चक्रधारी, नाग पंचमी और ना जाने ऐसी कितनी फिल्में थीं, जिनमें निरूपा रॉय नजर आईं। हालांकि, वीर भीमसेन में उन्होंने द्रौपदी का किरदार निभाकर सबका दिल जीत लिया था। अमर राज उनके कॅरियर की पहली हिंदी फिल्म थी। हिंदी सिनेमा में निरूपा रॉय ने इन फिल्मों के बाद कई बड़ी फिल्मों में काम किया। 70 और 80 के दशक में तो उन्होंने सिनेमा की असली मां बनकर ऐसा कारनामा किया कि सब देखते रह गए।

देवी-देवताओं पर बनी इन फिल्मों को ऑडियंस ने किया खूब पसंद
माता वैष्णों देवी से लेकर माता काली और दुर्गा पर बनी हैं ये शानदार फिल्में

नई दिल्ली/संचार जगत

हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में बनाई गई है जिसमें भगवान की शक्ति और एक भक्त की भक्ति दिखाई गई है। भगवान, राम से लेकर हनुमान तक पर फिल्में बनीं हैं। देवी देवताओं पर बनी इन फिल्मों को ऑडियंस ने खूब पसंद किया था। इस लिस्ट में एक ऐसी भी फिल्म शामिल है, जिसने कमाई और मुनाफे के मामले में शोले जैसी फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया था। नवरात्र के मौके पर जानिए देवियों पर बनी इन 5 खास फिल्मों के बारे में।

जय संतोषी मां

साल 1975 में संतोषी माता की कहानी सुनाने वाली एक फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था 'जय संतोषी मां'। इस फिल्म में अनीता गुहा ने माता का किरदार निभाया था। ऐसा माना जाता है कि इस फिल्म के बाद देश भर में संतोषी माता के व्रत करने का चलन बढ़ गया था। थिएटर में फिल्म देखने जाने वाले लोग चप्पल बाहर उतार कर अंदर जाया करते थे। 25 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने उस जमाने में 5 करोड़ का कलेक्शन किया था। मुनाफा कमाने के मामले में इस फिल्म ने शोले को पीछे छोड़ दिया था।



महिमा संतोषी माता की

1983 में एक और संतोषी मां पर बनी फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था 'महिमा संतोषी माता की'। फिल्म का डायरेक्शन कमलाकार कामेश्वर राव ने किया था। इस फिल्म में चंद्र मोहन, प्रभा और KR विजय लीड रोल में थे। फिल्म की कहानी माता पर लोगों के विश्वास और उनकी महिमा की थी।

जय महाकाली

साल 1979 में मां काली पर फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था जय महाकाली। इस फिल्म का डायरेक्शन बाबूभाई मिस्त्री ने किया था। फिल्म में मां काली की शक्तियों को दिखाया गया था। इस फिल्म में विक्रम गोखले, रंजना, दीनू त्रिवेदी, माधवी पंड्या जैसे एक्टर्स ने लीड रोल निभाया था। इसकी IMDB रेटिंग की जानकारी नहीं दी गई है।

दुर्गा मां

1986 में दुर्गा मां नाम की एक फिल्म आई थी। इस फिल्म की कहानी एक अनाथ बच्ची की होती है। उस बच्ची को एक पुलिस अधिकारी गोद ले लेता है। लेकिन उसकी पत्नी बच्ची से खुश नहीं होती है। बच्ची बड़ी होती है तो मां दुर्गा की सच्ची भक्त निकलती है। उसकी शादी होती है और वो उसका नाम दुर्गा रखती है। लेकिन कुछ लोग उस बच्ची की बलि चढ़ाना चाहते हैं। कहानी इमोशनल करने वाली है। इस फिल्म में सचिन पिलगांवकर ने अहम भूमिका निभाई है।

जय मां वैष्णों देवी

नवरात्रि के दौरान टीवी पर अपने जय मां वैष्णों देवी नाम की फिल्म जरूर देखी होगी। ये फिल्म साल 1994 में थिएटर पर रिलीज हुई थी। ये वही फिल्म है जिसकी कहानी में माता खुद अपने भक्त को किया वादा निभाने के लिए जमीन पर कन्या के रूप में आती है। फिल्म में दिखाया जाता है कि एक कपल औलाद पाने के लिए माता के नौ दिनों के व्रत रखते हैं और पूरे गांव को खाने पर बुला लेते हैं। फिर माता खुद आती हैं और चमत्कार कर पूरे गांव को खाना खिलवाती है।

राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का नवम दीक्षांत समारोह आयोजित

हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही बेटियां, कृषि और पशुपालन से जुड़े शोध कार्य में भी दें अपना योगदान : हरिभाऊ बागडे

संचार जगत

जयपुर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि पशुपालन, हमारे देश और प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। अर्थव्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, खाद्य एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण समुदायों को सतत आजीविका प्रदान करने में पशुपालन की भूमिका महत्वपूर्ण है। बागडे शुक्रवार को बीकानेर के राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के नवम दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए इसे संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। इसमें गिर, थारपारकर, साहिवाल और मुर्रा जैसी उन्नत नस्लों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि देश के कुल दुग्ध उत्पादन में राजस्थान की हिस्सेदारी लगभग 14.51 प्रतिशत है, जो कि उत्तर प्रदेश के बाद देश में दूसरे नंबर पर है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है।

राज्यपाल ने कहा कि डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देना आज की बड़ी आवश्यकता है। यह पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कृषि और पशुपालन को एक-दूसरे का पूरक बताया एवं कहा कि हमारे कृषक, खेती के साथ दुग्ध उत्पादन कर अतिरिक्त आर्थिक लाभ ले रहे हैं। राज्यपाल ने पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान एवं कृषि क्षेत्र में अध्ययनरत बेटियों को शोध की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया और कहा कि आज प्रत्येक क्षेत्र में बेटियां अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इस क्षेत्र में भी बेटियां अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिभाशाली युवाओं की कमी नहीं है। अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों की बड़ी कंपनियां भारतवासी युवा चला रहे हैं। यह हमारी असली ताकत है। बागडे ने कहा कि भारत के युवाओं की बौद्धिक क्षमता और कल्पना शक्ति सशक्त है। देश की नई शिक्षा नीति ने पहली कक्षा से ही बच्चों के बौद्धिक स्तर को और अधिक सुदृढ़ करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि हमारा देश का बड़ा वर्ग 'तरुण' है। युवाओं को अपनी क्षमता का अधिकाधिक उपयोग देश को आगे बढ़ाने में करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि युवा शक्ति की हमारी यही ताकत दुनिया के लिए सबसे बड़ी चिंता है। आज कई विदेशी ताकतें हमारे युवाओं को खोखला करने और उन्हें नशे की और धकेलने का कुत्सित प्रयास कर रही हैं। उन्होंने आह्वान किया कि युवा ऐसी आग से दूर रहें और जागरूक नागरिक, युवाओं को इससे दूर रखने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नशा मुक्त भारत की परिकल्पना को साकार करने में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण रहेगा।

बागडे ने कहा कि शिक्षा का मतलब सिर्फ डिग्री प्राप्त करना नहीं बल्कि विवेक, समझ, नैतिकता और ईमानदारी का विकास करते हुए देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना है। विद्यार्थी इसे समझें और आगे बढ़ें।

इस दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में 2.55 करोड़ रुपए की लागत से बने कन्या छात्रावास का लोकार्पण किया। विश्वविद्यालय परिसर के 'वर्चुअल टूर', पुस्तिका राजुवास अवलोकन, विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन 2025-26 और राजुवास न्यूजलेटर के नए अंक का लोकार्पण किया।

समारोह के दौरान 462 विद्यार्थियों को स्नातक, 141 को स्नातकोत्तर, 20 को विद्या-वाचस्पति सहित कुल 623 उपाधियां प्रदान की गई। वहीं 2 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 36 को स्वर्ण पदक, 2 को रजत पदक, 2 कांस्य पदक सहित कुल 42 पदक प्रदान किए गए। कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

प्रधान आरक्षक फिरोज खान की बेहिसाबी संपत्ति 35 करोड़ के पार

लोकायुक्त की जांच में अब तक 38 अचल संपत्तियां मिलीं, परिचित महिला के नाम राजोदा में कृषि भूमि खरीदने का भी हुआ खुलासा



इंदौर (आरएनएन)। पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज (पीटीसी) के वाहन चालक प्रधान आरक्षक फिरोज खान के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस की जांच में बेहिसाबी संपत्ति का बाजार मूल्य 35 करोड़ रुपये से अधिक आंका गया है। अब तक की जांच में आरोपी, उसके परिवार, सहयोगियों और फर्म के नाम पर 38 अचल संपत्तियां सामने आई हैं। इनकी गाइडलाइन के अनुसार कीमत 12 करोड़ 97 लाख रुपये से अधिक, जबकि बाजार मूल्य 35 करोड़ 46 लाख 46 हजार रुपये आंका गया है।

लोकायुक्त इंदौर के एसपी राजेश सहाय के अनुसार, शिकायत के आधार पर 14 अक्टूबर से फिरोज खान के विभिन्न आवासों और ठिकानों पर सर्च कार्रवाई की गई। जांच के दौरान विभिन्न विभागों से जानकारी मांगी गई है। अब तक की जांच में आरोपी द्वारा चल-अचल संपत्तियों की खरीद पर 15 करोड़ 52 लाख 2 हजार 923 रुपये खर्च किया जाना पाया गया है। कार्रवाई अभी जारी है।

परिचितों के नाम पर भी संपत्तियां

जांच में देवास जिले के राजोदा गांव में परिचित रोशनी वर्मा के नाम 1.15 हेक्टेयर कृषि भूमि खरीदे जाने की जानकारी मिली है। रजिस्ट्री के अनुसार इसकी कीमत 62 लाख 46 हजार 562 रुपये है। इसके अलावा साहिल ट्रेडिंग कंपनी के नाम देवास की शक्ति नगर कॉलोनी में 1,250 वर्गफीट का भूखंड मिला है, जिसकी रजिस्ट्री कीमत 6 लाख 16 हजार 169 रुपये है। परिचित नफीस खान के नाम शालीमार कॉलोनी, देवास में 40.5 वर्गमीटर का भूखंड दर्ज है, जिसकी रजिस्ट्री कीमत 2 लाख 50 हजार 596 रुपये है। जांच में परिचित रानु कुशवाह के नाम देवास जिले के लोहाना गांव में 0.305 हेक्टेयर कृषि भूमि भी मिली है। रजिस्ट्री के अनुसार इसकी कीमत 7 लाख 49 हजार 946 रुपये है। लोकायुक्त पुलिस के मुताबिक, अब तक सामने आई संपत्तियों का विवरण जांच में शामिल किया गया है। मामले में सर्च और अन्य विभागों से जानकारी जुटाने की कार्रवाई जारी है।

विधायक अनंत सिंह बोले-नीतीश कुमार के लिए 9 मर्डर कराए...

नई दिल्ली/संचार जगत

बिहार में मोकामा से जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के विधायक अनंत सिंह के एक बयान से राजनीतिक चर्चा तेज हो गई है।



विवाद के बाद बयान से पलटे, अब बोले- हमारे लोग कुर्बान हुए...

उन्होंने पुराने दिनों का जिक्र करते हुए दावा किया था कि नीतीश कुमार के साथ रहते हुए उन्होंने नौ लोगों की हत्या करवाई थी। विवाद बढ़ने के बाद अनंत सिंह ने वीडियो जारी कर सफाई दी। अपने नए बयान में उन्होंने कहा कि लालू यादव की सरकार के दौरान उनके नौ साथियों की हत्या हुई थी और उन्हें भी गोली मारी गई थी।

अनंत सिंह ने पहले बयान में कहा था कि उस समय नीतीश की कोई खास पहचान नहीं थी और वह इधर-उधर घूमते रहते थे। उनके मुताबिक, उस दौर में नीतीश के साथ रहते हुए उन्होंने नौ लोगों की हत्या करवाई थी। बयान सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरू हो गई। बाद में वीडियो जारी कर सफाई देते हुए अनंत सिंह ने कहा कि वह जेडीयू नेता नीरज कुमार को जवाब देते हुए अपने पुराने दिनों के त्याग और नुकसान का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि लालू यादव की सरकार के दौरान उनके नौ साथियों की हत्या कर दी गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि उस समय उन्हें खुद गोली मारी गई थी और इसकी वजह नीतीश कुमार के साथ उनका खड़ा होना था। इस तरह उनके पहले और बाद के बयानों में अंतर सामने आया है।

शेयर बाजार में हेरफेर पर ईडी का दो कंपनियों पर एक्शन

नई दिल्ली (आरएनएन)। शेयर बाजार में कथित हेरफेर और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 16 अक्टूबर 2026 को छह शहरों में 29 ठिकानों पर छापेमारी की। मुंबई जोनल कार्यालय-1 की अगुवाई में यह कार्रवाई मुंबई, नासिक, अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत और भावनगर में की गई। जांच के दायरे में सूचीबद्ध कंपनियां ड्रिप एंड स्प्रिंकलर्स सिस्टम्स लिमिटेड और डेनिम्स लिमिटेड हैं।

ईडी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत यह कार्रवाई की।ईडी की जांच के मुताबिक, अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के बीच दोनों कंपनियों ने चुनिंदा व्यक्तियों और संस्थाओं को 3.5 करोड़ से अधिक शेयर और परिवर्तनीय वारंट जारी किए। इनके भुगतान के लिए बड़ी रकम कथित तौर पर सीमित और आपस में जुड़े व्यक्तियों, कंपनियों तथा कर्जदाताओं के समूह से आई थी।

बड़े राजनीतिक और सामाजिक संकट में बदल गया छात्रों को विरोध-प्रदर्शन

जेन-जी आक्रोशित: फ्रांस के बाद अब अल्बानिया में भड़का छात्र आंदोलन

पुलिस से हिंसक झड़पें, सरकारी व सार्वजनिक संपत्तियों में आगजनी, संसदीय सत्र रद्द होने की नौबत

नई दिल्ली/संचार जगत



अल्बानिया की राजधानी तिराना में छात्रों के नेतृत्व में हो रहा विरोध-प्रदर्शन अब एक बड़े राजनीतिक और सामाजिक संकट में बदल गया है। बेहतर शिक्षा, वित्तीय सहायता और रोजगार के अवसरों की मांग से शुरू हुआ यह आंदोलन अब पीएम एडी रामा के इस्तीफे और पूरी व्यवस्था में बदलाव की मांग तक पहुंच चुका है। राजधानी तिराना में तीन दिनों से जारी इस अशांति के कारण दंगा-रोधी पुलिस के साथ हिंसक झड़पें, सरकारी और सार्वजनिक संपत्तियों में आगजनी और संसदीय सत्र तक रद्द होने की नौबत आ गई है।

प्रदर्शनों की मुख्य शुरुआत विश्वविद्यालय परिसरों के खस्ताहाल, उच्च शिक्षा की आसमान छूती लागत, अपर्याप्त वित्तीय सहायता और पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के अवसरों की कमी को लेकर हुई। यह विरोध-प्रदर्शन 13 अक्टूबर को अल्बानिया के शिक्षा मंत्रालय के बाहर शुरू हुआ और अगले ही दिन पूरे तिराना में फैल गया। छात्रों की मांगें जल्द ही आम जनता के गुस्से के साथ जुड़ गईं। प्रदर्शनकारियों का मानना है कि देश में भ्रष्टाचार इस कदर फैल चुका है कि आम लोगों का जीवन कठिन हो गया है। प्रदर्शनकारी एनिडा बिमी के अनुसार, यह आंदोलन अब केवल छात्रों का नहीं रहा, बल्कि पूरी व्यवस्था के खिलाफ लोगों का गुस्सा है।

प्रदर्शनकारी आर्बर लेशी ने मौजूदा सरकार को देश की अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार करार दिया। शिक्षा के मुद्दों पर शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुआ यह आंदोलन जल्द ही उग्र रूप ले चुका है। प्रदर्शनकारियों ने पीएमओ, वित्त मंत्रालय, गृह मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय परिसर के एक हिस्से में आगजनी की। इसके अलावा दो निजी बैंकों और कई दुकानों की खिड़कियां तोड़ दी गईं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछारों और आंसू गैस के गोलों का सहारा लिया। हिंसा के दौरान 6 पुलिस अधिकारी और 1 महिला पत्रकार घायल हुए हैं। पुलिस ने अलग-अलग चरणों में 39 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है।

फ्लेमिंगो क्रांति और जेरेड कुशनर विवाद

यह छात्र आंदोलन रामा सरकार के खिलाफ महीनों से चल रहे व्यापक सरकार विरोधी अभियानों का ही हिस्सा है। इस जन-असंतोष को फ्लेमिंगो क्रांति के नाम से जाना जा रहा है, जिसकी मुख्य वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर से जुड़ा एक विवादित पर्यटन प्रोजेक्ट है। अल्बानिया के दक्षिणी तट पर एक लग्जरी रिसॉर्ट बनाने की योजना है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि इस विकास परियोजना के नाम पर उनकी जमीनों को गलत और अवैध तरीके से बेचा गया. इस विवाद ने सरकार के खिलाफ जन-आक्रोश को और भड़का दिया।

महिला का मुंह दबाना और उसके ऊपर लेटना रेप का प्रयास नहीं

नई दिल्ली/संचार जगत

पटना हाईकोर्ट ने बिहार के बेगूसराय में फरवरी 2010 में हुई एक घटना के मामले में आरोपी की दुष्कर्म के प्रयास से जुड़ी दोषसिद्धि को बरकरार नहीं रखा है। अदालत ने कहा उपलब्ध साक्ष्यों से दुष्कर्म के प्रयास का अपराध साबित नहीं होता।

पटना हाईकोर्ट का फैसला फिर चर्चा में

हालांकि, आरोपी को महिला की गरिमा भंग करने और अवैध रूप से घर में प्रवेश करने के अपराधों में दोषी ठहराने का निचली अदालत का फैसला बरकरार रखा गया। मामले के अनुसार, एक विधवा मजदूर महिला अपने बच्चों के साथ झोपड़ी में रहती थी। आरोप था कि रात करीब 10 बजे मोहम्मद ऐनुल हक उसके घर में घुसा, दीया बुझाया और उसके ऊपर लेट गया। महिला ने शोर मचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया।

पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं होने पर महिला ने न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत का रुख किया। जुलाई 2013 में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को दुष्कर्म के प्रयास और अवैध रूप से घर में प्रवेश करने के अपराधों में दोषी ठहराया था। दुष्कर्म के प्रयास के लिए उसे चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी।

कोई प्रदर्शन करना चाहता है तो कोई मूंगफली बेचना...

सीजेपी प्रदर्शन की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सब समझदारी से काम लें...

नई दिल्ली / आरएनएन। दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के लहरा दो तिरंगा मार्च के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई की मांग की गई। याचिका में प्रदर्शन के कारण कारोबारियों को होने वाले संभावित नुकसान को लेकर चिंता जताई गई। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने कहा कि उम्मीद है कि सभी लोग समझदारी से काम लेंगे। याचिका का उल्लेख करने वाले वकील जय अनंत देहाद्राई ने कारोबारियों को होने वाले नुकसान की आशंका जताई। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हमें उम्मीद है कि सभी लोग समझदारी से काम लेंगे। छोटे दुकानदार इन दिनों अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं।



सकारात्मक नीतियों से निवेश और उद्योग हुआ आसान: 18 विभागों की 190 सेवाएं उपलब्ध

शेखावाटी की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के साथ विकसित किया जा रहा हेरिटेज टूरिज्म सर्किट: सीएम शर्मा

मुख्यमंत्री ने कॉफी टेबल बुक 'विकास के सहभागी' का किया विमोचन

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी प्रदेश की गौरवशाली संस्कृति और समृद्ध विरासत के ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, कौशल,उद्यमशीलता और सामाजिक समरसता की भावना से राजस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि 'पधारो म्हारे देश' के साथ अब 'पधारो थारे देश' की भावना को भी आगे बढ़ाना है, ताकि प्रवासी राजस्थानी अपनी मातृभूमि में लौटकर प्रदेश के विकास मेंयोगदान दें। राजस्थान फाउंडेशन प्रवासी राजस्थानियों को सामाजिक गतिविधियों और निवेश के अवसरों से जोड़ने में सशक्त सेतु की भूमिका निभा रहा है।

राजस्थान फाउंडेशन के अब 51 चैप्टर्स

सीएम ने राजस्थान फाउंडेशन के विस्तार के तहत 11 नए चैप्टर्स प्रारम्भ करने की घोषणा की। इनमें रायपुर, लखनऊ, पटना, सिलीगुड़ी, पणजी और विशाखापट्टनम में 6 चैप्टर्स तथा सैन फ्रांसिस्को (यूएसए), ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड), मिलान (इटली) और डबलिन (आयरलैंड) में 4 चैप्टर्स शामिल हैं। इसके अतिरिक्त स्टॉकहोम में नॉर्डिक चैप्टर स्थापित किया जाएगा, जिसमें स्वीडन, डेनमार्क, नॉर्वे और फिनलैंड सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही राजस्थान फाउंडेशन के देश-विदेश में संचालित चैप्टर्स की संख्या 40 से बढ़कर 51 हो जाएगी। इनमें 25 चैप्टर्स देश में और 26 चैप्टर्स विदेश में संचालित होंगे। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में प्रवासी राजस्थानियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रवासी राजस्थानियों को प्रदेश की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण सहभागी बनाते हुए उनके निवेश, सामाजिक योगदान और सांस्कृतिक जुड़ाव को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। इसी क्रम में डिपार्टमेंट ऑफ डोमेस्टिक एंड ओवरसीज राजस्थान अफेयर्स का गठन, राजस्थान डेवलपमेंट सपोर्ट पोर्टल की शुरुआतऔरएनआरआर पॉलिसी-2025 भी जारी की गई है। वहीं, प्रत्येक जिले में जिला प्रवासी प्रकोष्ठ गठित किया गया है, जहां प्रतिवर्ष कम से कम एक बार प्रवासी राजस्थानी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

पानी-बिजली उपलब्धता से लेकर कनेक्टिविटी हो रही सुदृढ़

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान में आधारभूत सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार हो रहा है। प्रदेश में जल उपलब्धता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण अंतरराज्यीय जल समझौतों राम जलसेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, नर्मदा समझौता और किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।

बिजली में भी आत्मनिर्भरता से आगे बढ़ते हुए अब राजस्थान विद्युत प्रदाता राज्य बन गया है। वहीं,आवागमन को सुगम बनाने के लिए 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के साथ ही एयर कनेक्टिविटी का विस्तार भी किया जा रहा है।

नीति और नीयत से सुगम हो रहा कारोबार

मुख्यमंत्री ने कहा कि कारोबार सुगमता बढ़ाने के लिए एमएसएमई क्षेत्र में कन्सेंट-टू-ऑपरेट की समय-सीमा 120 दिन से घटाकर 30 दिन की गई है, जबकि बड़े उद्योगों के लिए इसे 60 दिन किया गया है। साथ ही, व्हाइट कैटेगरी के उद्योगों की सूची 104 से बढ़ाकर 877 की गई है। इसी प्रकार राज निवेश पोर्टल पर 18 विभागों की लगभग 190 सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। राजस्थान इंडस्ट्रीज पार्क प्रमोशन पॉलिसी-2026, राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम, राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी और एक जिला-एक उत्पाद नीति के माध्यम से उद्योगों और निवेशकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।



राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाए

उन्होंने कहा कि राजस्थान में खनिज संपदा, कृषि उत्पादों, मसालों, हस्तशिल्प और पर्यटन के क्षेत्रों में भी निवेश की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश में लगभग 80 हजार करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रही ग्रीनफील्ड रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल परियोजना राजस्थान की अर्थव्यवस्था के लिए नया ग्रोथ इंजन बनेगी। रिफाइनरी से निकलने वाले विभिन्न उत्पादों के आधार पर छोटे और बड़े उद्योगों की स्थापना की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 472 औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जहां लगभग 46 हजार औद्योगिक इकाइयां कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों से आह्वान किया कि वे अपनी मातृभूमि में निवेश कर रोजगार सृजन, औद्योगिक विकास और स्थानीय युवाओं के लिए नए अवसर तैयार

8 दिसम्बर को शेखावाटी हेरिटेज मीट

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार विरासत को सहेजकर विकास की ओर अग्रसर है। इसी क्रम में सीकर, झुंझुनूं और चूरू में हेरिटेज टूरिज्म सर्किट विकसित किया जा रहा है। वहीं, शेखावाटी क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए 662 ऐतिहासिक हवेलियों को चिह्नित किया गया हैं। उन्होंने कहा कि शेखावाटी की ऐतिहासिक विरासत, हवेलियों और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 8 दिसम्बर को शेखावाटी हेरिटेज मीट आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों को आगामी 10 दिसम्बर को आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान के माध्यम से जल संरक्षण के कार्यों में भी प्रवासी राजस्थानियों का उल्लेखनीय योगदान मिला है।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।